तापमान

अधिकतम 30.6 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, मंगलवार, 17 सितंबर 2024



10 किकिरमेटा में मिले 11 नए मरीज, अब तक डायरिया से 82 ग्रामीण संक्रमित





11 आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया जा रहा है वजन त्योहार






# बीएसपी और रेलवे के बीच साझेदारी, दुनिया की सबसे लंबीं बन रही रेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र, भारतीय रेलवे के दैनिक संचालन का एक अभिन्न अंग रहा है। यूआरएम में बन रही दुनिया की सबसे लंबी रेल इसकी मिसाल है।बीएसपी ने अपनी रेल और स्ट्रक्चरल मिल तथा यूनिवर्सल रेल मिल से साल दर साल बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए वांछित मात्रा, गुणवत्ता और वांछित लंबाई की रेल तैयार की है। रेलवे के कड़े विनिर्देशों के अनुसार, विश्व स्तरीय रेल तैयार करने के लिए मानकों में उत्तरोत्तर सुधार किया गया है। सेल-बीएसपी द्वारा उत्पादित रेल, हमारे देश के कोने-कोने में फैली हुई हैं।

बीएसपी छह दशकों से अधिक समय से भारतीय रेलवे की वांछित ग्रेड की रेल की आवश्यकता को पूरा कर रहा है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित सख्त मानकों को पूरा करने के लिए बीएसपी में रेल के लिए स्टील बनाने के कार्य को विशेषीकृत किया गया है। वर्ष 2001-02 में बीएसपी ने 26 मीटर रेल सहित रेलवे की बढ़ती हुई रेल की मात्रा के मांग को पूरा करने के लिए, रिकॉर्ड समय में एक नया रेल फिनिशिंग कॉम्प्लेक्स स्थापित कर उसे चालू किया। तब तक भारतीय रेल, बीएसपी से लगभग 4.5 लाख टन रेल प्रतिवर्ष खरीदती थी। उस वर्ष में, नए रेल फिनिशिंग कॉम्प्लेक्स की सहायता से बीएसपी, भारतीय रेलवे की बढ़ी हुई आवश्यकता को पूरा करने के लिए 6 लाख टन से अधिक की आपूर्ति कर सका। 2004 में, बीएसपी ने अपने रेल और स्ट्रक्चरल मिल से 130 और 260 मीटर लंबे वेल्डेड रेल पैनलों की आपूर्ति के लिए दुनिया की सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी और उपकरणों के साथ लॉन्ग रेल कॉम्प्लेक्स की स्थापना की।

### 130 मीटर रेल के लिए अत्याधुनिक यूआरएम

यूआरएम से दुनिया की सबसे लंबी 130 मीटर लंबी रेल को सिंगल पीस में बनाता है। भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए सेल के आधुनिकीकरण योजना के तहत, लगभग 1200 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित यूआरएम का उद्घाटन जनवरी 2017 में किया गया था, ताकि रेलवे की लंबी और विशेष ग्रेड रेल की बढ़ती आवश्यकता को पूरा किया जा सके। बीएसपी लॉन्ग रेल की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए जहाँ सभी प्रयास कर रही है, वहीँ रेल स्टील की गुणवत्ता के संबंध में इसने रेल स्टील में हाइड्रोजन की मात्रा को भी 1.5 पीपीएम से कम पर सीमित रखा है।

### अब तक 6 लाख टन से अधिक की रेल आपूर्ति



### माइक्रो अलायड रेल का उत्पादन

माइक्रो-अलॉयड रेल की आवश्यकता को पूरा करने के लिए बीएसपी ने नए 60 ई 1 प्रोफाइल के साथ आर-260 नामक रेल का एक नया ग्रेड विकसित किया है, जिसे जुलाई 2022 से भारतीय रेलवे को आपूर्ति की जा रही है। रेल के इस नए ग्रेड के मानदंड और स्पेसिफिकेशन, पूर्व में उत्पादित ग्रेड-880 या यूटीएस-90 रेल और यूरोपीय मानकों से भी अधिक कड़े हैं। रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल और यूनिवर्सल रेल मिल दोनों अब नए 60ई1 प्रोफाइल में हाई स्ट्रेंथ वाली रेल आर-260 माइक्रो-अलॉयड रेल का उत्पादन कर रहे हैं, जो हायर एक्सल लोड तथा ट्रैफिक डेनसिटी को झेलने में सक्षम है और फॉर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के लिए भी उपयुक्त है।

## खबर संक्षेप

### फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**कुम्हारी।** युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्हत्या करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचानाम कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि मृतक ग्राम कपसदा निवासी धनेश्वर कुर्रे 35 वर्ष ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। घटना के समय मृतक ने भीतर से स्वयं को बंद कर रखा था। परिजनों ने जब कमरे के बाहर से आवाज लगाने पर कोई आवाज नहीं देने पर दरवाजा तोड़ने पर धनेश्वर की लाश म्यार पर लटकी मिली। फांसी युवक ने स्कार्फ के फंदा बनाकर आत्महत्या किया। मृतक शराब का आदि था। आत्महत्या का कारण फिलहाल अज्ञात है। जिसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है।

### मुरम खदान में विक्षिप्त की डूबने से मौत

**भिलाई।** मुरम खदान में विक्षिप्त के डूबने से मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक हथखोज भिलाई तीन निवासी शिवकुमारी 28 वर्ष विक्षिप्त है। बीईसी कंपनी समीप पटरी पार मुरम खदान है। जहां युवती डूबी हुई थी। सूचना पर मौके में एसडीआरएफ की टीम और डीप ड्राइविंग जवान इंद्रपाल, राजकुमार यादव आदि खदान से शव को बहार निकाला गया। इस दौरान शव को देख परिजनों ने शिनाख्त किया।

### मवेशी तस्करीः आरक्षक का बड़ा रोल, गिरफ्तार

**भिलाई।** मवेशी तस्करी मामले में पुलिस ने एक आरक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।आरक्षक के खिलाफ पुलिस ने तस्करों का साथ देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि पाटन थाने का आरक्षक डिलेश्वर पठारे पर मवेशियों की तस्करी कराने का आरोप है। 10 सिंतबर को पाटन के फुंडा गांव स्थित एक फार्म हाउस में पुलिस टीम ने दबिश दिया था। जहां से पहले ही आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस को ट्रक में भरे और फार्म हाउस में बंधे हुए 46 मवेशियों का रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। जांच करने पर पता चला कि गौ तस्करी का मुख्य आरोपी संजय गिरी गोस्वामी है। फार्म हाउस में बेजुबानों को ट्रक में ठूंसकर भरा गया था। मध्यप्रदेश के कटनी कत्लखाना मवेशियों को लेकर लाया जा रहा था। पुलिस ने जब संजय का सीडीआर खंगाला तो पाटन थाने में पदस्थ आरक्षक डिलेश्वर पठारे लगातार उसके संपर्क में था।

### राशि गबन के आरोप में सरपंच पर गिरी गाज

**नंदिनी।** पोटिया, धमधा सरपंच धनीराम जोशी को वित्तीय अनियमितता के मामले में बर्खास्त कर दिया गया है। इसे लेकर जांच हुई थी। प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई। आरोप है कि गौठना, चारागाह, बाड़ी के नाम पर 247265 रुपए, गली सफाई 85000 रुपए और ट्रेडर्स का भुगतान कुल 332265 बिना कार्य के आहरहित किया गया। जांच दल में केसी आडिल, अनीता कुशवाहा, मुकेश सौरज आदि शामिल थे।

युक्तियुक्तरण पर लगा ब्रेक, नहीं निकाला गया कोई सामाधान

# जिले में एक हजार शिक्षक के पद खाली अतिशेष पर चुप्पी और भर्ती भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

शिक्षकों की भर्ती बगैर किए जाने वाले युक्तियुक्तरण पर भले ही राज्य शासन ने शिक्षक संगठनों के आगे घुटने टेक दिए, लेकिन सामाधान के रूप में अब तक न तो अतिशेष शिक्षकों की सूची बनाई गई है और न ही स्कूलों में रिक्त पदों को भरने कोई प्रयास किया गया है। हालात यह है कि, युक्तियुक्तरण से उठे इस धुएं ने दूसरे विकल्प को भी दबा दिया है।

सीधे तौर पर इसका खामियाजा परिजन और बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। प्रशासन ने निगम और पंचायत चुनाव के सर्वे में सिर्फ प्राथमिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाकर पढ़ाई ही चौपट कर दी है। युक्तियुक्तकरण पर ब्रेक लगने के बाद ऐसी उम्मीद थी कि, दूसरा विकल्प शासन व प्रशासन खोजेगी। वहीं ग्रामीण इलाकों में शिक्षकों की कमी दूर करने शहर के भारी भरकम शिक्षकों को अधिक बच्चे वाले स्कूलों में सामायोजन करने का प्रयास करेगी। लेकिन शिक्षा महकमे ने शासन से आदेश नहीं आने का ठिकरा बताकर अतिशेष की सूची तैयार करने से हाथ खड़े कर दिया है। बढ़ी समस्या इस बात की है कि जिले में एक हजार से अधिक शिक्षकों के पद खाली है। जबकि दूसरी तरफ जिले के स्कूलों में अतिशेष शिक्षकों की ऐसी भरमार है कि, पूरा का पूरा सेटअप असंतुलित है। ग्रामीण में जहां शिक्षकों का टोटा है, वहीं शहर में सेटअप से अधिक शिक्षक भरे पड़े है। शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने भले ही प्रयास नहीं किए जा रहे है, लेकिन अतिशेष शिक्षकों की सूची से भी महकमे ने हाथ खड़े कर दिया है।

## बगैर शिक्षकों के भविष्य गढ़ रहे बच्चे, सेटअप में असंतुलन से पढ़ाई चौपट

### 12 स्कूल में एक भी शिक्षक नहीं, कौन करेगा चिंता?

जिले के बारह स्कूल में एक भी शिक्षक नही है। ये स्कूल धमधा के प्राथमिक खपारी ब, प्राथमिक शाला अगार, प्राथमिक शाला गाडाघाट शामिल है। वहीं पाटन का प्राथमिक शाला अकतई, प्राथमिक शाला जामगांव एम है। वही दुर्ग में हाईस्कूल कोलिहापुरी, हाईस्कूल मोहलाई है। धमधा में हाईस्कूल बिरेझर, हाई स्कूल दनिया, हाई स्कूल सिलतरा, हाईस्कूल पुरदा हाई स्कूल पेड्री कु शामिल है। इसके आलावा जिले में 51 स्कूल में एक ही शिक्षक है, जिसमें शास.प्रा.शा.सुभाष शांतिनगर दुर्ग, शास.प्रा.शा. श्रमिक नगर छावनी, शास. प्रो. शास. न्यू बजरंगनगर उरला, शासकीय प्राथमिक विद्यालय सुभाष बम्बई निवास उरला, शास.प्रा.शा. आबादीपारा जंजगिरी, शास.प्रा.शा. अछोटीभाठ, शास.प्रा.शा. प्रोन्नत मचान्दुर, शास.प्रा.शा. मालूद, शासकीय प्राथमिक विद्यालय बादीपारा पसेगांव., शास.प्रा.शा.मासाभाठ, शासकीय प्राथमिक विद्यालय औद्योगिक क्षेत्र बोराई, शास.प्रा.शा. घुघसीडीह, धमधा शास.प्रा.शाला ढौर (ना.), शासकीय हाईस्कूल गनियारी है।



### तैयार की जाएगी

युक्तियुक्तकरण के साथ ही अतिशेष शिक्षकों की भी कार्यवाही की जानी थी। लेकिन वर्तमान में रोक लगाई गई है। आगे शासन के निर्देशानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**-अरविंद मिश्रा,** डीईओ, दुर्ग

### एक तरफ स्कूल में शिक्षक नहीं और यहां सेटअप से अधिक

एकतरफ जहां बारह स्कूलों में एक भी शिक्षक नही है, वही दूसरी और चहेतों के चक्कर में सेटअप की धज्जियां उडाई जा रही है। जानकारी अनुसार प्राथमिक स्कूल संतराबाडी में तीस बच्चों पर चार शिक्षक है। तकियापारा प्राथमिक में 130 बच्चों पर 11 शिक्षक है। प्राथमिक स्कूल गुरूनानक 48 बच्चों पर चार शिक्षक है। प्राथमिक स्कूल मालवीय नगर में 42 बच्चों पर चार शिक्षक, झुग्गीपारा प्राथमिक में 112 बच्चों पर सात शिक्षक, केलाबाड़ी प्राथमिक में 54 बच्चों पर छः शिक्षक और प्राथमिक पद्नाभापुर स्कूल में 54 बच्चों पर चार शिक्षक पाए गए। नियम के मुताबिक प्राथमिक स्कूल में तीस बच्चों पर एक शिक्षक और मिडिल में 35 बच्चों पर एक शिक्षक प्रावधान है।

### जिले में 1140 शिक्षकों की कमी

जानकारी अनुसार जिले में 1105 स्कूलों में 6470 पद स्वीकृत है। जिसमें 5330 शिक्षक ही कार्यरत और 1140 शिक्षको की कमी है। इसमें प्राचार्य के 147 पदों में सिर्फ 92 कार्यरत है। इसी तरह व्याख्याता के 1353 पदों में सिर्फ 1189 है। वही प्रधान पाठक मिडिल स्कूल के 315 पद में 249 कार्यरत हैं। वही शिक्षक के 1778 में 1733 कार्यरत है। वही प्रधान पाठक प्राथमिक स्कूल के 568 पदों में 445 कार्यरत है। इसी तरह सहा शिक्षक एलबी के 1953 में 1495 कार्यरत है। सहायक विज्ञान व सहायक शिक्षक विज्ञान प्रयोगशाल के 271 में 122 और ग्रंथपाल के 85 पद में सिर्फ 5 पर कार्यरत है। यह प्राथमिक से लेकर हायर सकेंड्री तक की स्थिति है। वही जिले में 52 स्कूल संचालित है। इसमें 1700 पद स्वीकृत है। लेकिन कार्यरत सिर्फ 1240 शिक्षक है। इस तरह हिन्दी मिडियम में 138 और अंग्रेजी में 271 पद रिक्त है।

मोहननगर थाना का मामला

## नकली पिस्टल दिखाकर लूट का प्रयास, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई





नकली पिस्टल दिखाकर लूट का प्रयास करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 309 (5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि पुलिस लाइन दुर्ग निवासी लक्ष्मीकांत रावटे ने शिकायत किया है कि कार सीजी 07 सीएम 8808 में सवार दो युवक पिस्टल दिखाकर मोबाइल और रुपए का डिमांड करने लगे। जांच करने पर पुलिस ने दीपक नगर दुर्ग निवासी सहज अब्बू उर्फ आशू और तालपुरी यज्ञदत्त मंडावी को गिरफ्तार किया है। युवकों से पूछताछ करने पर लाइटर पिस्टलनुमा काक होता और कार को जब्त किया गया। दोनों युवकों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

### डीजे को लेकर हुई कार्रवाई

भिलाई। ईद ए मिलाद्दुनबी के जुलुस में डीजे का उपयोग करने वाले दो युवकों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है। पुलिस ने कोलहाल अधिनियम 1985 की धारा 4,5,15 एमवी एक्ट की धारा 194 (1 ए), 66/192 (1) के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषके झा ने बताया कि भोई पारा दुर्ग निवासी मो. अशरफ शरीफ, संतोषी पारा रायपुर वसीम खान पर कार्रवाई की गई है। सीजी 07 सीए 8357, सीजी 04 एमएफ 9240 को और डीजे के सारे सामनों को जब्त किया गया है। डीजे को लेकर पुलिस ने बैठक लेकर प्रतिबंधित को लेकर जानकारी दी थी। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के गाइड लाइन में डीजे प्रतिबंधित है।

## वैशालीनगर में 3.97 करोड़ से बिछेगी सीवर लाइन, नाले का होगा मेंटेनेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 3.97 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। विधायक रिकेश सेन के प्रयासों से यह स्वीकृति मिली है। रिकेश ने बताया कि जुलाई महीने में 10 करोड़ के विकास कार्यों का प्रस्ताव भेजा गया था। फिलहाल करीब 4 करोड़ के कामों को मंजूरी मिली है। वार्ड-1 आनंद पुरम, वार्ड-2 दीनदयाल कॉलोनी में सीवरेज लाइन के लिए 24.98 लाख, जोन-1 क्षेत्र के शिवाजी चौक से नेहरू नगर ऑक्सीडेशन पांड तक मेन सीवर लाइन बदलने तथा नेहरू नगर पूर्व में सीवरेज लाइन का नवीनीकरण कार्य के लिए 49.96 लाख, निगम के जोन-1 नेहरू नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे निगम मुख्यालय से चंद्रा मौर्या चौक, छोकरा जींस तक तथा निगम मुख्यालय इंडियन बैंक के सामने सर्विस रोड के सीमेंटीकरण एवं नवीनीकरण के लिए 24.63 लाख, जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र अंतर्गत मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे नाला के निर्माण के लिए 1.97 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई।

- नगरीय प्रशासन से मिली वित्तीय स्वीकृति

## लोन दिलाने का झांसा, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



लोन दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 409 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि जितेन्द्र सिंह वशिष्ट नामक व्यक्ति को स्वयं को एसबीआई सेक्टर 1 का लोन विभाग का कर्मी बताकर सिंधया नगर मकान नंबर 222 दुर्ग निवासी अमित कुमार श्रीवास्तव लोन दिलाने का झांसा दिया। पीड़ित उसके झांसे में आकर दस्तावेज और 2 लाख रुपए लेकर होम फर्स्ट फायनेंस बैंक से 19 लाख 46 हजार रुपए बैक आफ बडोदा के खाते में जमा करवाया। पीड़ित से आरोपी अमित ने सिक्योरिटी के लिए 7 चेक बैंक ऑफ बडौदा लिया। जिसमें से एक चेक लगाकर 10 लाख रुपए का बैंक ऑफ बडौदा के खाते में जमा करा लिया। इसके बाद वह घुमाता रहा। लोन नहीं होने पर दिए गए रुपए को लौटाने का समय आने पर परिवार समेत आरोपी फरार हो गया। आरोपी पीड़ित से कुल 12 लाख रुपए का ठगी किया। आरोपी अमित कुमार श्रीवास्तव को पकडने के लिए पुलिस ने टीम बनाई। नेवई थाना प्रभारी आनंद शुक्ला की टीम ने जगह-जगह दबिश देकर अमित श्रीवास्तव को पकड़ा गया।

## जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जमीन को लेकर दुकान संचालक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 324 (4), 351 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 17 कादम्बरी नगर दुर्ग निवासी जगप्रीत सिंह का सिंधी कालोनी मे गोल्डी पेंट्स एंड हार्डवेयर के नाम से शॉप है। दुकान के पीछे पीड़ित की जमीन है। जिसमें जुझार सिंह और उसकी पत्नी ने मिलकर कब्जा कर निर्माण कार्य चालू किया है। जिसे लेकर कोर्ट में मामला लंबित है। जमीन के बात को लेकर 15 सितंबर की शाम बैठक रखी गई थी। इस दौरान अपने बच्चे ईशिमत सिंह के साथ दुकान के पास पहुचा। जहां पर जुझार सिह, लक्की दुलाई, नरेश तेजवानी, अन्नू जोहाल खड़े थे। जिन्हें देख नमस्कार कर बैठ गया। इसे लेकर गाली गलौज जान से मारने की धमकी देकर जुझार सिंह, लक्की धुलाई,नरेश तेजवानी, अन्नू जोएल ने मारपीट करना शुरु कर दिया। घटना में पीड़ित के दाहिना हाथ की गदेली , पीठ, कमर , सिर मे चोट आई है। घटना में आरोपियों ने एक्टीवा वाहन में भी तोड़फोड़ कर फरार हो गए। पुलिस ने जुझार सिंह की शिकायत पर जगप्रीत सिंह लुथरा, गोलू, बीनू, जीवन पर कार्रवाई की गई है।

## आरक्षक ने किया अनाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

शादी का झांसा देकर नाबालिग से लगातार शारीरिक संबंध बनाने वाले आरक्षक के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। आरक्षक के खिलाफ पदमनाभपुर पुलिस ने धारा धारा 376(3) 506 भादवि एवं 6 पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने आरक्षक 1163 अरुण सिंह को निलंबित कर पुलिस लाइन में अटैच किया है। आरक्षक मिली जानकारी के मुताबिक आरक्षक 1163 अरुण सिंह जामुल थाने में पदस्थ था लेकिन कुछ दिनों से सीक पर चल रहा था। एसपी ने मामले को लेकर सीएसपी हरिश पाटिल को प्रकरण में सात दिनों के भीतर जांच कर प्रतिवेदन पेश करने का निर्देश दिया है। आरक्षक अरुण सिंह ने यह घटना को लॉकडाउन के दौरान वर्ष 2020 का ठंगड़ा बांध दुर्ग जेल के समीप अंजाम दिया था। खबर लिखे जाने तक पुलिस कर्मी की गिरफ्तारी अभी नहीं हो पाई है।






पिछले दिनों बाढ़ के हालात बने, लेकिन दो दिन में ही पानी उतरा

# औसत से 24 फीसदी कम बारिश, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जिले में कम बारिश किसानों के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। पिछल दिनों बालोद और राजनांदगांव जिले में हुई बारिश के कारण शिवनाथ नदी उफान पर रही। जिले के नदी से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में पानी भरा। बाढ़ जैसे हालात भी बने, लेकिन दो दिन बाद ही बाढ़ का पानी उतर गया। सब्जियों की फसलों को इससे खासा नुकसान पहुंचा, लेकिन इसके बाद से एक बार फिर मानसून की बेरूखी ने किसानों को परेशान कर दी है। बता दें कि जिले में अब तक सामान्य औसत से 24 प्रतिशत कम बारिश हुई है। जिले के धमधा, बोरी जैसे क्षेत्रों में फसलों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।

धान की फसल में यही समय है बालियां लगती हैं, इस समय ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है, लेकिन बारिश नहीं होने से किसानों को फसल में खासा नुकसान होने की आशंका बन गई है। इधर जिले में 1 जून से अब तक 697.5 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, जबकि सामान्य औसत 914.6 मिलीमीटर है। इस प्रकार सामान्य से कम बारिश हुई है। इधर मौसम विभाग के अधिकारियों की मानें, तो आगामी दिनों में अच्छी बारिश की संभावना बन रही है। अगले 48 घंटे में कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर जैसे जिलों में अच्छी बारिश की संभावना है। इसके असर से रायपुर, दुर्ग, भिलाई में भी बारिश की संभावना बन रही है। सोमवार को पूरे दिन बादल छाए रहे, हल्की बौछारें भी पड़ीं। हालांकि बारिश कहीं रिकार्ड नहीं हुई।

### दुर्ग सहित पड़ोसी जिलों में बारिश की स्थिति, जानिए

| जिला | हुई बारिश | औसत | कम या ज्यादा |
|---|---|---|---|
| दुर्ग | 697.5 | 914.6 | -24 |
| रायपुर | 939.5 | 945.9 | - 1 |
| राजनांदगांव | 1094.4 | 964.9 | + 9 |
| बालोद | 1127.5 | 954.6 | +18 |
| बेमेतरा | 559.6 | 972.3 | -42 |

नोटः आंकड़े मौसम विभाग रायपुर उपलब्ध कराए गए हैं। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार अगले 15 दिनों में रात के तापमान में गिरावट आना शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही बारिश थम जाएगी।

### अगले 7 दिनों में अच्छी बारिश की संभावना

मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगले 7 दिनों में छत्तीसगढ़ के अलग-अलग हिस्सों में अच्छी बारिश की संभावना है। दुर्ग जिले में भी बारिश की संभावना है। खाड़ी से उठा एक सिस्टम आगे बढ़ रहा है, इसके आगामी दिनों ओडिशा से तटीय क्षेत्रों से टकराने की संभावना है। इसके आगे बढ़ने के साथ बारिश के आसार हैं। वहीं आंध्र प्रदेश की तरफ से भी एक कम दबाव का क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। इससे अच्छी बारिश की संभावना बन रही है।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप



दुर्ग। शक्ति नगर गणेश उत्सव समिति वार्ड 18।

### छायाचित्र प्रदर्शनी आज

**दुर्ग।** जनसंपर्क विभाग द्वारा राजेन्द्र पार्क चौक पर 17 सितम्बर को एक दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। विकसित भारत मोदी की संकल्पना थीम पर आधारित इस प्रदर्शनी में केंद्र व राज्य की योजनाओं एवं उपलब्धियों को चित्र के माध्यम से प्रदर्शित की गई है। सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते है।

## निधन

### देवलखा साहू



दुर्ग। कैलाशनगर तितुरडीह वार्ड क्रमांक 19 निवासी देवलखा साहू 73 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे शिवनाथ जल संसाधन विभाग दुर्ग से रिटायर्ड लालाराम साहू की पत्नी, झल्लू साहू, किशोर साहू की माँ और लक्ष्मीकांत, दुर्गेश, दूज साहू की दादी थीं।

**संक्रमण :** गांवों में शिविर लगाकर किया जा रहा इलाज, डोर टू डोर सर्वे भी

# किकिरमेटा में मिले 11 नए मरीज, अब तक डायरिया से 82 ग्रामीण संक्रमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

पाटन अंतर्गत सेक्टर रानीतराई एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रानीतराई के आश्रित ग्राम किकिरमेटा में पिछले चार दिनों में 82 डायरिया के मरीज सामने आए है। वही सोमवार को डायरिया के नए 11 मरीज मिलने से हडकंप मची है। बहरहाल स्वास्थ्य विभाग द्वारा डोर टू डोर सर्वे कराकर दवा का वितरण किया जा रहा है।

पीएचई विभाग द्वारा गांव में फैले संक्रमण के बाद हरकत में आई है। वही संक्रमित मरीजों के घरों से सैंपल लेकर पानी जांच के लिए भेजा गया था। जिसमें बैक्टीरिया पाया गया है। संक्रमित होने का प्रमुख कारण गंदे पानी है। जिले के आईडीएसपी अधिकारी के द्वारा विजिट किया गया। इस दौरान पता चला कि, 16 सितंबर 2024 को ग्राम में दसगात्र कार्यक्रम है, इस कार्यक्रम में टैंकर के पानी का उपयोग करने के निर्देश दिए गए। उल्टी-दस्त की आऊट ब्रेक की सूचना प्राप्त होने पर डॉ. मनोज दानी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, दुर्ग के निर्देशानुसार डॉ. सी.बी.एस. बंजारे, जिला सर्विलेंस अधिकारी, दुर्ग, संदीप ताम्रकार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एनएचएम दुर्ग के मार्गदर्शन में नियमित रूप से सक्रिय सर्वेलेंस किया जा रहा है। खंड चिकित्सा अधिकारी, पाटन के द्वारा ग्राम किकिरमेटा में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर लगाकर प्रभावित मरीजों का उपचार किया जा रहा है। जानकारी अनुसर 16 सितंबर 2024 को उक्त संक्रमित क्षेत्र में उल्टी-दस्त एवं दस्त के कुल 11 नये मरीज मिले। इस तरह 13 से 16 सितंबर तक 2024 तक ग्राम किकिरमेटा में 82 व्यक्ति प्रभावित हुए हैं।

### गांव में घर-घर सर्वे कर विभाग बांट रहा मरीजों को दवा



### नलजल योजना कराया गया बंद

किकिरमेटा से पहले निकुम के ग्राम सिलोदा में भी डायरिया के प्रकोप सामने आए थे। यहां भी नलजल योजना के पाइप लाइन से गंदा पानी आने की शिकायत मिली थी। यही हाल किकिरमेटा में सामने आया है। बहरहाल गांव में नलजल योजना बंद कर टैंकरों से पीने की पानी सप्लाई की जा रही है। जानकारी अनुसार विगत 13 सितंबर को 17 मरीज, 14 सितंबर को 39 मरीज, पन्द्रह सितंबर को 15 और सोलह सितंबर को 11 नए मरीज मिल चुके है। जिसमें सात मरीजों का शासकीय और पांच का निजी में इलाज चल रहा है। वर्तमान में दस मरीज निजी व सरकारी अस्पताल में भर्ती हैं।

### गांव में मुनादी करा रहे

काम्बेट टीम व मितानिन द्वारा संक्रमित क्षेत्र का सर्वे किया जा रहा है। मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता को प्रभावित क्षेत्र में सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। काम्बेट टीम के द्वारा घरों का भ्रमण, ओआरएस पैकेट, क्लोरिन टेबलेट, मैट्रोनिडाजोल टेब.सिप्रो टेबलेट, डॉक्सीसाइक्लिन टेबलेट, स्पोरोलेक पावडर शिविर स्थल पर उपलब्ध कराया जा रहा है। वही सरपंच की सहायता से गांव में उल्टी-दस्त होने पर सूचना देने के साथ ही मुनादी कराने कहा गया है। वही क्रिटिकल केश में

### शिविर में इलाज

किकिरमेटा में डायरिया से प्रभावित मरीजों का शिविर लगाकर इलाज किया जा रहा है। वही डोर टू डोर सर्वे कार्य भी जारी है। बचाव के लिए दवाई भी बांटे जा रहे है।

-डां सीबीएस बंजारे, जिला सर्वेलेंस अधिकारी, दुर्ग

## गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए तालाबों का चिन्हांकन

**दुर्ग।** गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगरनिगम द्वारा तालाबों का चिन्हांकन किया गया है। जिसमें पुलगांव वार्ड 55 शिवनाथ नदी गुरुद्वारा के निकट, महमरा घाट, शक्ति नगर, सतरूपा शीतला कसारीरीडीह तालाब, वार्ड 57 व 58 पौण्ड के पास तालाब शामिल है। यहां निगरानी के लिए अधिकारियों की ड्यूटी भी लगाई गई हैं।

अनन्त चतुर्दशी पर नगर निगम द्वारा विसर्जन शिवनाथ नदी सहित शहर के कुछ तालाबो को चिन्हित कर व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। विसर्जन कार्यक्रम स्थल पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। वहीं पहुंच मार्ग, समतलीकरण, अस्थाई कुण्ड निर्माण, वाटर प्रुफ शमियाना एवं कुर्सी, टेबल की व्यवस्थाएं रहेगी। महापौर धीरज बाकलीवाल ने नदी व वार्डो के तालाबो में निगम द्वारा बनाये गए कुंड में ही पूजन सामग्री के एकत्रीकरण में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि गणेश प्रतिमा की पूजन सामग्री यथा माला, वस्त्र, नारियल, फूल व पत्ती को एक कुंड पर विसर्जन करने की अपील भी की है। उन्होंने कहा कि, भगवान श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु तालाब निर्धारित किये गये वही पर विसर्जन करें।

## आज बंद रहेंगी मांस बिक्री की दुकानें

**दुर्ग।** राज्य शासन के आदेश के परिपालन में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को 17 सितंबर को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। इन तिथि में किसी प्रकार का पशुवध नही होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 17 सितंबर को गणेश चतुर्थी के विशिष्ट अवसर पर पशु वधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करेंगे. जिसके लिए समस्त पशु वधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों के लिए खबर प्रकाशित की गई हैं।

# विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...



**भारतीय संस्कृति** में शिल्पकारों के देवता के रूप में भगवान विश्वकर्मा को पूजे जाने की परंपरा आदिकाल से है। ऐसा माना जाता है कि सृष्टि में मशीनों के सृजनकर्ता भगवान विश्वकर्मा ही हैं, इसलिए उनकी जयंती के दिन मशीनों और औजारों की पूजा की जाती है। उन्हें देव शिल्पी एवं अभियांत्रिकी का देवता भी कहा जाता है। भगवान विश्वकर्मा जी को धातुओं का रचयिता कहा जाता है और साथ ही प्राचीन काल में जितनी राजधानियाँ थी, प्रायः सभी भगवान विश्वकर्मा जी के द्वारा ही बनाई गई थीं। यहां तक कि सतयुग का स्वर्ग लोक, त्रेता युग की लंका, द्वापर की द्वारिका और कलयुग का हस्तिनापुर आदि विश्वकर्मा द्वारा ही रचित है। स्वर्ग लोक से लेकर कलयुग तक भगवान विश्वकर्मा जी की रचना को देखा जा सकता है। भगवान विश्वकर्मा जी के जन्म से संबंधित एक कथा कही जाती है कि सृष्टि के प्रारंभ में सर्वप्रथम नारायण अर्थात साक्षात विष्णु आविर्भूत हुए और उनकी नाभि-कमल से चर्तुमुख ब्रम्हा दिखाई दे रहे थे। ब्रम्हा के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव हुए। कहा जाता है कि धर्म की वस्तु नामक स्त्री (जो दक्ष की कन्याओं में एक थी) से उत्पन्न वास्तु सातवें पुत्र थे, जो शिल्पशास्त्र के आदि प्रवर्तक थे। उन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा उत्पन्न हुए। पिता की भांति विश्वकर्मा भी वास्तुकला के अद्वितीय आचार्य बने। भगवान विश्वकर्मा जी के अनेक रूप हैं और हर रूप की महिमा का अंत नहीं है। दो बाहु, चार बाहु एवं दश बाहु तथा एक मुख, चार मुख एवं पंचमुख। भगवान विश्वकर्मा जी के मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी एवं दैवज्ञ नामक पांच पुत्र हैं और साथ ही यह भी मान्यता है कि ये पांचों वास्तु शिल्प की अलग-अलग विद्याओं में पारंगत है।






















## खबर संक्षेप



### अनुविभागीय पत्रकार संघ पाटन के अध्यक्ष बने किशन

**सेलूद।** अनुविभागिय पत्रकार संघ पाटन के तीन वर्षीय कार्यकाल पूरा होने के पश्चात रानीतराई में अनुविभागीय पत्रकार संघ पाटन का त्रिवार्षिकीय चुनाव किया गया। जिसमें अनुविभागिय पत्रकार संघ पाटन के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से किशन हिरवानी को, उपाध्यक्ष पद पर धनराज साहू, कोषाध्यक्ष पुर्णेन्द्र सिन्हा, सचिव टिकेन्द्र वर्मा को चुना गया। इस अवसर पर अनुविभागीय पत्रकार संघ के निवर्तमान अध्यक्ष संदीप मिश्रा, आसकरण जैन, गंगादीन साहू, दिलेश्वर वर्मा, खुबीराम साहू, मनीष चंद्राकर, भेदप्रकाश वर्मा, बलराम वर्मा, द्वारिका साहू, विवेक नारंग, दिलिप कुर्रे उपस्थित थे ।

### आगेसरा में हुआ रामधुनी

**जामगांव आर।** वृंदादेवी धाम आगेसरा में आदर्श गणेशोत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान में त्रिदिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। जिसके द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, अध्यक्षता रूपेंद्र शुक्ला ने की, विशेष अतिथि भेष आठे जोन प्रभारी, डॉ डागेश्वर साहू, होरीलाल साहू सरपंच, कमलेश्वर साहू, चंद्रगुप्त साहू, संपत साहू सरपंच, संतराम साहू ने सियारामचंद्र की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की मंगलकामना किए।

### गणेशोत्सव 2024



**निकुम।** गणेश उत्सव समिति बस स्टैंड निकुम।

## निधन

### बलदाऊ यादव

**सेलूद।** ग्राम छाटा निवासी बलदाऊ प्रसाद यादव उम्र 53 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे नोहर यादव के पुत्र, पत्रकार बलराम यादव बड़े भाई, कविता, लक्की, मोंटू, किरण यादव के पिता और एमीन यादव के पति थे।



## पूर्व सीएम भूपेश ने 8.43 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण

# पहले बिजली फुल व बिल हाफ था, अब बिल फुल और बिजली हाफ हो गई हैः भूपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

साप्ताहिक बाजार कबड्डी मैदान वार्ड क्रमांक 4 कुम्हारी में रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं पाटन क्षेत्र के वर्तमान विधायक भूपेश बघेल ने 8 करोड़ 43 लाख 11 हजार में बने नगर पालिका परिषद् कुम्हारी क्षेत्रांतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पुष्प हार पहना कर दीप प्रज्वलित कर किया। अपने उद्बोधन में विधायक भूपेश बघेल ने कहा कि जब हमारी सरकार थी तो विकास के कार्यों में कोई कमी नहीं आई थी लगातार विकास के कार्य हुए कुम्हारी नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत लगभग 200 करोड़ से अधिक राशि का निर्माण कार्य हुआ हमने सभी वार्डों में बराबर कार्य किए हैं। कुम्हारी क्षेत्र में इससे पहले कभी इतने विकास के कार्य नहीं हुए, जब हमारी सरकार थी तो हमने हमनें निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था की गरीब परिवार के बच्चे भी अंग्रेजी माध्यम में पढ़ सके इसलिए स्वामी आत्मानंद स्कूल खोले, हमने हाट बाज़ार क्लीनिक योजना शुरू की जिसमें मुफ़्त इलाज और दवाई की व्यवस्था थी, छत्तीसगढ़ में खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ी ओलंपिक, तीज त्यौहारों में सार्वजनिक छुट्टियां , गोबर खरीदी और भी ढेर सारी जनहित की योजनाएं प्रारम्भ की मगर साय सरकार के आने के बाद धीरे-धीरे सभी बंद कर दिए गए। हमारी सरकार ने किसानों के आर्थिक विकास करने का कार्य किया और छत्तीसगढ़ का मान सम्मान देश-विदेश में बढ़ाया। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बचाने के लिए हमने लगातार कार्य किया हमने गौ माता के लिए गौठान का निर्माण करवाया था मगर इस सरकार ने उसे भी बंद कर दिया । आज गौवंश सड़कों पर है रोज सड़क दुर्घटना से लोग अपनी जान गवां रहे हैं ये कैसी गौ सेवा है। उन्होंने आगे कहा कि जब हमारी सरकार थी तो हमने बिजली बिल आधा करने का कार्य किया लेकिन अब बिजली बिल फुल और बिजली आधा मिल रही है इससे आमजन परेशान है भाजपा ने चुनाव के वक्त अनेक घोषणाएं की थी जिसमें 500 रूपए में सिलेंडर देने की बात कही गई थी मगर कोई भी वादा साय सरकार पूरा नहीं कर पा रही है। अभी सिर्फ साय सरकार की एक योजना चल रही है महतारी वंदन योजना वह भी आधा अधूरा।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साय सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज पूरे प्रदेश में हत्या, बलात्कार, डकैती, लूटपाट की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है यह आये दिन देखने और सुनने को मिल रहा है। जब हमारी सरकार थी तब हमने पांच सालों में 30 हजार करोड़ का कर्ज लिया था लेकिन साय सरकार ने महज 10 महीने में 30 हजार करोड़ का कर्ज ले लिया हैं। इस सरकार का कार्य धरातल पर कहीं नज़र नहीं आता और सरकार कर्ज के ऊपर कर्ज ले रही है हर तरफ कमीशनखोरी चल रहा है। आज सबसे ज्यादा असुरक्षित हमारी माताएं और बेटियां हैं। किसान, मजदूर, व्यापारी आज कोई भी सुरक्षित नहीं है। अपनी बात कहते हुए पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने कहा कि पिछले दिनों हम पर यह आरोप लगाया गया है कि हमने भाजपा पार्षदों के वार्ड में कोई काम नही कराया जो कि बिल्कुल गलत है भूपेश बघेल की सरकार के समय भाजपा के वार्ड क्रमांक 6 को विकास कार्यों के लिए 487.61 लाख, वार्ड क्रमांक 9 के लिए 68.44 लाख, वार्ड क्रमांक 15 हेतु 221.61 लाख, वार्ड 19 के लिए, 345.1 लाख वार्ड 22 के लिए 186.24 लाख एवं वार्ड 23 हेतु 356.67 लाख की राशि प्रदान की गई है बावजूद इसके इस तरह का निराधार आरोप लगाना बिल्कुल गलत है। नगर के विकास को लेकर हमने कभी पार्टी नही देखी नगर का विकास ही हमारे लिए सर्वोपरी रहा। कार्यक्रम को पार्षद यूजेन्द्र साहू, रीना साहू, महेश सोनकर एवं भुजवल साहू ने भी संबोधित किया। इस मौके पर पार्षद मनहरण यादव, राकेश कुर्रे, जानकी ध्रुव, शांति टंडन, ललिता ध्रुव, लता खैरवार, ललित राजपूत, लेखराम साहू एवं ओम यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पार्षद थनेश पटेल ने एवं आभार कुम्हारी ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत ने किया।

**वार्ड 4 कुम्हारी में लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक बघेल**



# आंगनबाड़ी केंद्रों में मनाया जा रहा है वजन त्योहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

जिले में 12 सितंबर से 30 सितंबर तक वजन त्योहार चलेगा। जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में वजन त्योहार में 0 से 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का वजन कर कम वजन वाले बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाएगा। उनके कुपोषण स्तर की जांच की जाएगी। इसके साथ ही बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में पूरक पोषण आहार वितरण करने के साथ ही पोषक तत्वों के बारे में जानकारी दी जाएगी। उक्त कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में आयोजन करने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी उषा झा ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह 2024 की गतिविधियों के आयोजन पोषण, स्वास्थ्य, साफ सफाई, टीकाकरण के बारे भी लोगों को जागरूक करने पर बल दिया जायेगा। वही किशोरी बालिका और गर्भवती महिला का वजन व ऊंचाई लेने को कहा गया। इसी कड़ी में आंगनवाड़ी अंडा केंद्र क्रमांक 2 में वजन त्योहार मनाया गया। इस अवसर पूर्व सेवा नियुक्त प्राचार्य डीपी चंद्राकर, प्रधानपाठक चंद्रहास साहू, भानु चंद्राकर, मितानिन तीजन यादव, रखमणि ठाकुर, सी एच ओ दामिनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता शकुन साहू, जानकी हिरवानी, अम्बिका लहरे, भारती, कांति बंजारे, रामहीन सिन्हा सहित पालक गण उपस्थित थे।

■ **बच्चों को सही पोषण के संबंध में जानकारी दी जाएगी**

इस दौरान जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों को सही पोषण के संबंध में जानकारी दी जाएगी। कुपोषण को दूर करने के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ कितने बच्चों को मिल रहा है और कितने बच्चे कुपोषण से निजात पा चुके हैं। उसका भी पता लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वजन त्यौहार का आयोजन कलस्टर पर किया जाएगा।

# शालेय बाक्सिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ स्तरीय 24 वीं राज्य स्तरीय शालेय बाक्सिंग चैम्पियनशीप प्रतियोगिता का आयोजन जेआरडी स्कूल दुर्ग में किया गया। इस प्रतियोगिता में स्टील बाक्सिंग क्लब सिविक सेंटर भिलाई के बालक वर्ग में अंश कुमार यादव 57 से 60 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल, आर्यन जूना 63 से 66 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल, रजनीश यादव 48 से 51 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल, इशान गिरी 75 से 81 किग्रा वर्ग में गोल्ड मेडल, नमन सिंह 60 से 63 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल, आर्यन दुबे 54 से 57 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। क्लब के कोच पूर्व ओलंपियन एवं अर्जुन पुरुस्कार से सम्मानित राजेन्द्र प्रसाद है। क्लब के सदस्य धनन्जय चतुर्वेदी, अरुण जेना, वीर सिंह राजपूत, अमरीक, रविशंकर, रवि, सुदीप अग्रवाल, संतोषी मांझी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी।

# हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

हिंदी साहित्य समिति धमधा के तत्वाधान में महात्मा गांधी पुस्तकालय धमधा में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक विष्णु प्रसाद ताम्रकार ने हिंदी भाषा के इतिहास व्याकरण और विशेषता पर वक्तव्य दिया। शिक्षक मुखराज किशोर यादव हिंदी भाषा के प्रचार और प्रसार के लिए कहा कि पाठशालाओं में विभिन्न विषयों पर निबंध लेखन तथा भाषण का आयोजन किया जाना चाहिए। समिति अध्यक्ष मलिक मोहम्मद कुरैशी में, मोर देश के माटी, शीर्षक गीत को बड़े सुरीले अंदाज प्रस्तुत किया । पवन देवांगन ने हिंदी दिवस 14 सितंबर को ही क्यों मनाया जाता है इसे स्पष्ट करते हुए हिंदी की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। वीरेंद्र देवांगन शिक्षक तथा उमेश चंद्र यादव जी ने कहा कि विभिन्न कार्यालय में अंग्रेजी प्रारूप को हटाकर हिंदी प्रारूप पर कार्य किया जाने की जरूरत है ताकि लोगों को असुविधा महसूस ना हो इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक राधेलाल ताम्रकार, सीताराम ठाकुर, जवाहर साहू ने भी हिंदी दिवस पर अपने विचार व्यक्त किया ।

अरविंद ताम्रकार सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि हिन्दी भाषा अपने ही देश में दूसरे दर्जे की भाषा बन चुकी हैं आम जन को ही आगे आ कर हिन्दी के शब्दों को बढ़ावा और अंग्रेजी शब्दों को कम करना या समाप्त करना होगा।



### वृद्धजन स्वास्थ्य व जनजागरुकता शिविर में पहुंचे 107 मरीज

**उतई ।** ग्राम डुन्डेरा उतई में संचालक आयुष विभाग के निर्देशन व जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय के तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क वृद्धजन स्वास्थ्य एवं जन जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया इसमें स्वास्थ्य परीक्षण कराने कुल 107 मरीज पहुंचे जिनका स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही निःशुल्क रक्त एवं नेत्र जांच भी किया गया शिविर का उद्घाटन पार्षद विक्रम चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य, पार्षद रोहित धनकर की अध्यक्षता एवं डॉ मोनिका चावले के विशेष आतिथ्य में हुआ।

**न्यायालय विवाह अधिकारी एवं अपर कलेक्टर दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक / 660/ प्रस्तुतकार/विवाह अधि. /2024-25 दुर्ग, दिनांक 6/8/2024

फार्म-अ

**सार्वजनिक सूचना**

(विषय-6 देखिये)

सर्व साधारण को जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक निलेश राव पिता श्री नरहर राव निवासी सिंधिया नगर राणे किराना स्टोर्स के पास, हनुमान मंदिर के पीछे, दुर्ग (छ.ग.) 491001 आवेदिका पूजा नंदागौरी पिता स्व. सुखीराम नंदागौरी निवासी मकान नं 157 वार्ड नं. 25 काली मंदिर के पास, भरकापारा, राजनांदगांव (छ.ग.) 491441 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अंतर्गत अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित विवाह के आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 19/09/24 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोर्ट सुनवाई नहीं होगी तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 06/08/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

अपर कलेक्टर दुर्ग (छत्तीसगढ़)
एवं विवाह अधिकारी
दुर्ग (छत्तीसगढ़)


**द्वितीय पुण्यतिथि**



जन्म : 01.04.1941 देहावसान 09.09.2022

**स्व. श्री कृष्ण कुमार यदु जी**

(परम पूज्यनीय बाबूजी)

हर पल हृदय को आती है आपकी याद,
आपसे ही थी हमारी दुनिया आबाद,
बिना आपके अधूरा है हमारा यह संसार,
कभी न भूल पाएंगे हम आपके द्वारा दिये गये संस्कार.

दिनांक: मंगलवार, 17 सितम्बर 2024

श्रध्दानवत | श्रीमती अनसुईया बाई (धर्मपत्नी)
वेद प्रकाश यदु (पुत्र), देव प्रकाश यदु (पुत्र)
एवं सभी परिवार जन व मित्रगण

Deepak Advts.


## बिजनेस साइट

# बरमेचा एलिवेटर के साथ अनेक प्रकार के व्यापार कर युवाओं के दे रहे रोजगार



**भिलाई।** आज हम आपको ऐसी कंपनी के बारे में बताने जा रहे हैं जो कि छत्तीसगढ़ की नामी लिफ्ट कंपनी है जिसके मालिक कैलाश जैन बरमेचा लिफ्ट ही नहीं अपितु तरह-तरह के व्यापार में समाहित हैं। बहुमुखी प्रतिभा के डावर्सीफाइड व्यापार करने वाले व्यक्तित्व के विचार रखने वाले बरमेचा एलिवेटर के साथ-साथ एग्रीकल्चर यंत्र, उपयंत्र, टेक्सटाईल्स, फायनेंस, जेनसेट इत्यादि अनेकों प्रकार के व्यापार कर छत्तीसगढ़ में अनेकों युवाओं को रोजगार ही प्रदान नहीं करते अपितु कर्मचारियों से आत्मीयता से जुड़कर एक परिवार की तरह रहकर आने वाली प्रत्येक विपदा के लिए सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं। यूं तो आज समय-समय पर होने वाली घटनाओं और दुघर्टनाओं से व्यक्ति के मन में एक पल हेतु लिफ्ट में चढ़ने पर भय समा जाता है, लेकिन छत्तीसगढ़ की रजिस्टर्ड कंपनी बरमेचा एलिवेटर्स ऐसी लिफ्टों का निर्माण कर रही है जिसके फीचर्स को देखने मात्र से भय तो बहुत दूर एक सुकून भरे सुखद पल की अनुभूति होती है। आधुनिकता के इस दौर में आज हमारा छत्तीसगढ़ भी तरक्कियों में ऊर्ध्वगमन कर रहा है तमाम आधुनिक उपकरणों को समाहित कर ऐसे ऐलिवेटर का निर्माण किया गया है जिसकी खूबियों को देखकर अनायश ही लिफ्ट में यात्रा करने हेतु मन में चंचलता आ जाती है। इसके फीचर्स के बारे में कुछ जानकारियों में इस प्रकार है इसमें इमरजेंसी लेंडींग कराने हेतु ग्लास युक्त सेफ्टी स्वीच होता है जो कि अतिशीघ्र यात्रियों को ग्राउंडफ्लोर में लाकर मानसिक और शारीरिक राहत पहुंचाता है, केबिन में फंसे यात्रियों की पीडा को ग्राउंडफ्लोर तक पहुंचाने की ध्वनि पैदा करता है, कॉल कैंसिल स्वीच गलती से दबाये गये फ्लोर की कमांड को कैंसल कर सही फ्लोर में जाने के बटन को दबाने की सुविधा देना, अत्याधिक देर तक डोर को ओपन रख सामग्रियों को केबिन में स्थानांतरित करने हेतु मैनूअल स्वीच को घण्टों होल्ड रखना ताकि बार-बार सेंसर ट्यूब खराब न हो । पैसेंजरों के केबिन से बाहर निकलने के पश्चात लाईट एवं पंखों का स्वतः बंद होकर ऊर्जा की बचत होना, ऑटोमेटिक टाईम सेटिंग वाली डिजीटल घडी का होना, केबिन में फंसे व्यक्तियों से बात करने हेतु इंटरकॉम सुविधा, स्टेनलेस स्टील (एस. एस. 304) का जंग रहित केबिन, भारत की सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी के निर्माता कंपनी द्वारा निर्मित विठुर का मेंटनेंस रहित आटो डोर, बैटरी चलित इनवर्टर सिस्टम विद्युत प्रवाह के समाप्त होने पर नजदीकी फ्लोर में जाने हेतु, लिफ्ट ऑनर के लंबे समय तक उपयोग न करने पर गुप्त चाबी द्वारा लिफ्ट के बंद करने की सुविधा, लिफ्ट ऑनर द्वारा किसी भी समय लिफ्ट में फंसे पैसेंजरो को बाहर निकालने हेतु मैन्युअल चाबी प्रदान कर डेमो द्वारा पूर्ण प्रशिक्षित करना, खुबसूरत मीरर फिनीश के सिलींग द्वारा पल भर हेतु सुकून प्रदान करना, दो वर्षों तक निशुल्क सेवा प्रदान करना एवं उसके पश्चात भी न्यूनतम दरों में मेंटनेंस एवं साज-सज्जा करना । वर्षों के अनुभवी उच्च स्तरीय टेक्नीशियनों द्वारा मशीनों को इंस्टॉल करवाना है।

# जिला सदस्यता अभियान की दी जानकारी

**भिलाई।** भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय जोशी भिलाई-दुर्ग प्रवास के मध्य दुर्ग जिला भाजपा के सदस्यों ने कचहरी चौक चौराहे पर आत्मीय स्वागत सम्मान कर जिला सदस्यता अभियान की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर व्यवस्था अग्रसर जिला मंत्री आशीष निमजे की सहभागिता बनी रही। स्वागत सम्मान में जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, दिलीप साहू, अल्का बाघमार, अजय तिवारी, अनूप सोनी, मदन बढ़ई, रजनीश श्रीवास्तव, काशीनाथ शर्मा, मुकेश पांडे, शीतल जांगिड़, मंजू पांडे, श्वेता ताम्रकार, भारती साहू, ताम्रध्वज साहू, आसिफ खान, असलम नथानी, पोषण साहू, महेंद्र चोपड़ा, बंटी चौहान, दिनेश मिश्रा, तबरेज खान, भूपेंद्र साहू, बिट्टू साहू, इकराम कुरैशी, वैभव अवसरिया, राजा केमें, नवीन साहू, शुभम साहू, अविनाश राजपूत, राहुल राजपूत, कुलेश्वर साहू, अश्विनी साहू, रतन यादव, दिनेश राजपूत इत्यादि कार्यकर्ताओं ने शाल, श्रीफल, फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।



### शालेय क्रीड़ा फेंसिंग स्पर्धा में दो खिलाड़ी चयनित



**सेलूद।** सेजेस भिलाई 3 के 2 खिलाडी अर्पिता वर्मा कक्षा 8 एवं मो. फैजान कक्षा 9 का चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा फेंसिंग प्रतियोगिता में हुआ है। खिलाड़ियों के चयन पर शाला की प्राचार्य मीरा अनिल कुमार, संकुल समन्वयक खिलेश वर्मा, शाला विकास समिति की अध्यक्ष धनेश्वरी साहू, सूर्या हनीश, हेमलता गजपाल, रश्मि गुप्ता आदि ने बधाई दी है।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

BHILAI
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• ELECTRICIAN
• FITTER 2 Year (10th Pass)

DHANORA
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम धनोरा जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# लाइसेंस आवंटन राशि जमा करने की अंतिम तारीख एक माह बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने सांसद विजय बघेल से बीएसपी के छोटे आवासों के लायसेंसे आवंटन राशि जमा करने की अंतिम तारीख एक महीने वृद्धि करवाने की मांग की है। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 2011 में जिन वासियों से छोटे मकानों को लाइसेंस में वितरण करने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई थी । उनकों बीएसपी प्रबंधन द्वारा 11 सितंबर तक लाइसेंस आबंटन राशि जमा करने की अंतिम तिथि प्रदान किया गया था।

लेकिन इन मकानों में रहने वाले 300 से ज्यादा रहवासी ने इस राशि को जमा करने में असमर्थ थे। कुछ लोग आर्थिक कारण से और कुछ बीमारी के कारण राशि जमा नहीं कर पाए।

यूनियन के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल ने सांसद बघेल से मिलकर रहवासियों के लाइसेंस में पैसा जमा करने की अवधि में एक माह की और वृद्धि कराने की मांग की। सांसद ने बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज से चर्चा किया और उन्हें निर्देशित किया कि सभी लाइसेंस में घर लेने वालों को राशि जमा करने की अवधि में एक माह का अतिरिक्त एक्सटेंशन दिया जाए। ताकि सभी को इस योजना का लाभ मिल सके।

## सांसद विजय से मिला बीडब्ल्यूयू प्रतिनिधि मंडल

**खास बातें**

- 2011 में वितरित किए गए थे आवासीय लाइसेंस
- सांसद ने डायरेक्टर प्रभारी को किया निर्देशित



### मिला आश्वासन

जन मानस की परेशानियों को देखते हुए सांसद ने डायरेक्टर इंचार्ज से चर्चा किया और इस योजना का लाभ देने के लिए राशि जमा करने की अवधि में एक माह की अवधि वृद्धि करने कहा । डायरेक्टर इंचार्ज ने आश्वस्त किया की लाइसेंस धारकों के लाइसेंस हेतु राशि जमा करने की अवधि में एक माह की वृद्धि किया जाएगा । प्रतिनिधि मंडल में यूनियन के अध्यक्ष उज्ज्वल दत्त ,पूर्व पार्षद रश्मि सिंह , महासचिव खूब चंद वर्मा, कार्यकारी महासचिव शिव बहादुर सिंह, अतिरिक्त महासचिव दिलेश्वर राव ,विमल कांत पांडे, सुरेश सिंह खिलाड़ी बुच्ची शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### युवक पर कटर से हमला



**भिलाई।** युवक पर कटर से हमला करने वालों के खिलाफ पुलिस ने धारा 307 के तहत जुर्म दर्ज किया। वैशाली नगर थाना प्रभारी ममता अली शर्मा ने बताया कि रामनगर सुपेला निवासी हर्ष ताम्रकर पर अज्ञात युवकों द्वारा प्राणघातक हमला कर मौके से फरार हो गया। सीसी कैमरा में आरोपियों का फुटेज जब्त किया गया है। दोनों युवकों का शिनाख्त पुलिस ने कर लिया है। घटना परदेशी चौक पर बीती रात 11.30 बजे की घटना है। टीआई ने बताया कि दोनों युवकों का शिनाख्त कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द कर लिया जाएगा। गंभीर अवस्था में उसे निजि हास्पीटल में उपचार के लिए दाखिल किया गया है।

### बीएसपीः विश्वकर्मा पूजा पर जारी नहीं होंगे पास

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा की दृष्टि से मंगलवार को विश्वकर्मा पूजा में संयंत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों तथा आंगतुकों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है। संयंत्र प्रबंधन ने परिपत्र जारी कर निर्देशित किया है कि किसी भी बाहरी अतिथि/पंडित/आगंतुक को संयंत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी। साथ ही आयोजकों को यह सलाह दी जाती है कि पंडित की व्यवस्था केवल बीएसपी के कार्मिकों में से ही की जाये।

विजीटर्स पास पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। प्रबंधन ने लोगों से अपील की है कि विश्वकर्मा पूजा में व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करें।

### हेमचंद यादव विश्वविद्यालय को मिला नया कुलपति

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. अरुणा पल्टा का कार्यालय समाप्त हो गया है। उनकी जगह आगामी आदेश तक संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर को यूनिवर्सिटी का वाइस चांसलर बनाया गया है। उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया है। इस विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. अरूणा पल्टा का कार्यकाल कुलपति के रूप में 12 सितम्बर 2024 को समाप्त गया है। इस अवसर पर हेमचंद विश्वविद्यालय के कुलसचिव कुलदीप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। नए कुलपति राठौर के विश्वविद्यालय परिसर पहुंचने पर कुलसचिव कुलदीप ने विश्वविद्यालय परिवार की ओर से पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। कुलपति के पदभार ग्रहण करने के बाद संभाग आयुक्त ने विश्वविद्यालय के कुल सचिव अन्य अधिकारियों के साथ चर्चा की। यूनिवर्सिटी के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

### गोविंद को मिला पन्ना लाल स्मृति सम्मान

**भिलाई।** मध्य प्रदेश लेखक संघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय



काव्य संग्रह प्रतियोगिता में कवि और मुक्तकंठ साहित्य समिति के भिलाई के अध्यक्ष गोविंद पाल के काव्य संग्रह महज़ ये वायरस नहीं को प्रथम पुरस्कार मिलने पर स्व. पन्ना लाल स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। श्रीफल भेंटकर, शाल व सम्मान राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर कवि सम्मेलन में गोविंद पाल ने भी कविता सुनाई ।

### मुक्तकंठ का बुलेटिन विमोचन 22 को

**भिलाई।** मुक्तकंठ साहित्य समिति द्वारा 22 सितंबर को काफी हाउस सेक्टर 10 में पूर्व महासचिव स्व. ओमप्रकाश शर्मा के कृतित्व पर केंद्रित मुक्तकंठ का बुलेटिन विमोचित किया जाएगा। मुख्य अतिथि लेखक कैलाश कुमार जैन व अध्यक्षता मुक्तकंठ के अध्यक्ष गोविंद पाल करेंगे। विशेष अतिथि एसपी व साहित्यकार नरेंद्र कुमार सिक्केवाल, साहित्यकार रौनक जमाल और रजनीकांत श्रीवास्तव होंगे। पहले सत्र में मुख्य अतिथि का सम्मान व दूसरे सत्र मे कवि गोष्ठी होगी।

## बीएसपी की सौ प्रतिशत ठोस अपशिष्ट उपयोग के लक्ष्य की पहल

# सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट-हरित कल की दिशा में ठोस कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एलडी स्लैग के लाभकारी उपयोग पर शोध के बाद भिलाई इस्पात संयंत्र की औद्योगिक उप-उत्पाद प्रबंधन टीम ने संयंत्र के एलडी स्लैग से पेवर ब्लॉक के निर्माण की अनूठी पहल की। हरित पर्यावरण पहल के तहत और सीओ 2 उत्सर्जन को कम करने के साथ 100% ठोस अपशिष्ट उपयोग के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में, 'सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट' में ईंधन-मुक्त प्रक्रिया द्वारा बीओएफ स्लैग और अन्य इन-हाउस संसाधनों से इंटरलॉकिंग कांक्रीट पेविंग ब्लॉक का निर्माण किया जा रहा है। बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने रिफ्रैक्टरी मैटेरियल प्लांट-1 के एलडीसीपी में 'सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट' का उद्घाटन किया।

पेवर ब्लॉक्स के नमूनों पर परीक्षण किए गए। परिणामों से पता चला कि क्म्प्रेसिव स्ट्रेंथ में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जबकि टेंसाईल स्ट्रेंथ में भी काफी वृद्धि प्राप्त हुई। परिणामों ने यूएन सतत विकास लक्ष्यों और 100% ठोस अपशिष्ट उपयोग के सीआरईपी दिशानिर्देशों के अनुपालन के अनुरूप, पर्यावरण अनुकूल और सस्टेनेबल फुटपाथ जैसे बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए, इंटरलॉकिंग पेवर्स के उत्पादन हेतु अपशिष्ट फर्नेस स्लैग का उपयोग करने की संभावना को परिलक्षित किया। सीजीएम तापस दासगुप्ता के निर्देशन में यह कार्य हुआ। ग्रीन टाइल्स परियोजना, नॉन-रिन्यूएबल संसाधनों के संरक्षण की वैश्विक आवश्यकता को पूरा करने के लिए पैदल यात्रियों तथा गैर-यातायात अनुप्रयोगों के लिए, उत्पादित कांक्रीट इंटरलॉकिंग फ़र्श ब्लॉक इकाइयों में प्राकृतिक रेत के प्रतिस्थापन के रूप में तथा क्रश्ड अपशिष्ट फर्नेस स्टील स्लैग के लाभकारी उपयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे इस्पात संयंत्र के एलडी स्लैग से मूल्य प्राप्त करने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार का लाभ के साथ यह हरित कल का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है।

## बुनियादी ढांचा होगा मजबूत, टीम वर्क्स से लक्ष्य की ओर बढ़ रहे





### बीएसपी के मिले कई पुरस्कार

पेवर ब्लॉकों की पहली खेप जिसका कुल वजन 8.8 मैट्रिक टन था, 2023 को 'सेल ग्रीन टाइल्स प्लांट' से बीएसपी के टाउन सर्विसेज डिपार्टमेंट को भेजी गई थी। बीएसपी की अंतर-विभागीय टीम ने बीओएफ स्लैग से पेवर ब्लॉक बनाने की पायलट परियोजना का अध्ययन करने के लिए सेल के अनुसन्धान केंद्र आरडीसीआईएस रांची का दौरा किया था।बीएसपी को एलडी स्लैग-पेवर ब्लॉक विनिर्माण पहल के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इनमे ग्रीनटेक शिखर सम्मेलन' में सर्वश्रेष्ठ इस्पात अपशिष्ट उपयोग के लिए 'पीसीडब्ल्यूआर पुरस्कार 2024', हैदराबाद में सीआईआई-गोदरेज ग्रीन बिजनेस सेंटर द्वारा आयोजित ऊर्जा प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार में ऊर्जा संरक्षण और नवाचार में प्रयासों के लिए 'सीआईआई-उत्कृष्ट ऊर्जा कुशल इकाई' पुरस्कार और 'सबसे नवीन परियोजना' पुरस्कार शामिल हैं।

## बीएसपी ने रावघाट वनांचल में बढ़ाई शिक्षा, खेल गतिविधियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा रावघाट सीएसआर परियोजनाओं के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल, इंफ्रास्ट्रक्चर खेल आदि जैसी मूलभूत सुविधाओं में विस्तार कर रहा है। रावघाट सीएसआर परियोजना के अंतर्गत आने वाले गाँवों की संख्या बढ़कर 60 हो चुकी है।तीन अस्पताल खोड़गाँव स्वास्थ्य केंद्र, दण्डकवन स्वास्थ्य केंद्र और अंतागढ़ स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। इसके अलावा एक मोबाइल मेडिकल यूनिट की भी साप्ताहिक सेवा प्रदान की जा रही है। जिसमें सेनेटरी पैड का भी वितरण किया जाता है। गंभीर मरीजों को सेक्टर-9 अस्पताल भिलाई रिफर किये जाने की सुविधा भी है। रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 22 बफर जोन गांवों में चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस सुविधा से वर्ष 2023-24 में 9346 मरीज लाभान्वित हो चुके हैं। कौशल विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिवर्ष क्षेत्र की 24 बालिकाओं को नर्सिंग कराया जाता है। अब तक कुल 248 बालिकाओं में से कई बालिकाएँ विद्या अर्जन के पश्चात सरकारी और प्राइवेट स्वास्थ्य केंद्र में स्थायी रोजगार प्राप्त कर अपनी सेवाएँ दे रहीं हैं। रावघाट सीएसआर गतिविधि के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा रावघाट माइंस क्षेत्र के 10 वीं पास युवाओं को रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा संचालित, औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र नारायणपुर में 22 युवाओं का चयन किया गया है।

### 150 बीएसपी को रोजगार व पोषण

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, दल्ली-राजहरा से रावघाट रेल लाइन परियोजना के निर्माण में आर्थिक रूप से 100 प्रतिशत फंडिंग कर रहा है, जिसके लिए अब तक 1627 करोड़ में से 1400 करोड़ का आर्थिक भुगतान कर चुका है। रेल-लाइन परियोजना से प्रभावित परिवारों में से 177 लोगों को आईटीआई में प्रशिक्षित कर उन्हें बीएसपी में रोजगार देने की जिम्मेदारी ली है। सीएसआर की गिफ्ट मिल्क योजना के तहत रावघाट माइंस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय विद्यालयों में फोर्टिफाइड दूध का वितरण किया जाता है। 2023-2024 सत्र में लगभग 1700 विद्यार्थियों को इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ था । -बीएसपी द्वारा रामकृष्ण मिशन के माध्यम से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला सेल-खेल मेला एक बड़ा खेल आयोजन है। इसमें लगभग 1500 स्कूली बच्चे और 30-35 स्कूल भाग लेते हैं।

## इस्पात मंत्री कुमार व चेयरमेन अमरेंदु भिलाई पहुंचे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इस्पात मंत्री कुमार स्वामी और सेल चेयरमेन अमरेंदु प्रकाश दो दिवसीय पर सोमवार को भिलाई पहुंचे। शाम 6 बजे भिलाई निवास पहुंचने पर भिलाई इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने उनकी अगवानी की। कुमार स्वामी अमरेंदु प्रकाश के साथ भिलाई निवास में रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार को सुबह 8 बजे भिलाई इस्पात संयंत्र का विजिट करेंगे। वे महामाया ब्लास्ट फर्नेन, एसएमएस 3, यूआरएम और कोकओवंस का अवलोकन करेंगे। इसके बाद इस्पात भवन में वरिष्ठ अधिकारियों की मीटिंग लेंगे। श्री दासगुप्ता व सभी ईडी उपस्थित रहेंगे। बीएसपी के उत्पादन व उत्पादकता पर इस्पात मंत्री प्रजेंटेशन दिया जाएगा। दोपहर दो बजे इस्पात मंत्री सभी एनजेसीएस यूनियनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे।

## माकपा नेता सीताराम येचुरी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- माकपा की सभा में जुटे वामपंती संगठनों के नेता

माकपा की दुर्ग जिला सांगठनिक समिति द्वारा माकपा के राष्ट्रीय महासचिव स्व. सीताराम येजुरी की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई । उनका एम्स दिल्ली में निधन हो गया था। सभा में वामपंथी जनवादी पार्टियों एवं जन संगठन के लोग शामिल हुए। स्व. येजुरी के तस्वीर पर माल्यार्पण के बाद शोक प्रस्ताव पेश कर दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी गई । मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी लेनिन वादी लिबरेशन, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ता समिति, सीटू, एटक, एआईसीसीटीयू, लोई मु, इंटक, सेवानिवृत कर्मचारी संघ, एससीएसटी एसोसिएशन, स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ़ इंडिया, जनवादी महिला समिति, रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एम्प्लाइज एसोसिएशन, एमपीएमएसआरयू आदि संगठनों के पदाधिकारियों ने माकपा नेता सीताराम येचुरी को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए पार्टी व देश को दिए उनके योगदान को अनुकरणीय बताया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि कॉमरेड सीताराम येचुरी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के शीर्ष नेता, वामपंथी आंदोलन के एक उत्कृष्ट नेता और प्रसिद्ध मार्क्सवादी विचारक थे । आपातकाल के दौरान उन्हें उनकी राजनीतिक गतिविधियों के कारण गिरफ्तार किया गया था 1 वे केंद्रीय समिति व पोलित ब्योरो सदस्य व महासिचव थे। कांग्रेस में पोलित ब्यूरो में चुना गया 1 वे 2 बार राज्य सभा सदस्य रहे और समाजवादी आंदोलन को नया आयाम दिया। उनके आकस्मिक निधन से पार्टी व देश को अपूर्णीय क्षति हुई है।

## छग बना अपराधगढ़, हो पूर्ण नशाबंदीः रघु ठाकुर

**भिलाई।** लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षक रघु ठाकुर ने कहा है कि छग में स्वाईन फ्लू एवं डेंगू के फैल रहा है । पीड़ितों की संख्या काफी हो सकती है, क्योंकि ग्रामीण व आदिवासी अंचलों में बीमारी की कोई प्रमाणिक सूचना नही आ पाती। छग शासन को एक स्वस्थ रहो अभियान शुरूवात करती चाहिए तथा यह प्रयास करना चाहिए कि हर गांव में सरकार की विभिन्न रोगों की जांच के यंत्रों सहित एंबुलेंस पहुंचाए जाएं ताकि जांच हो सके और लोगों को दवाई मिले। ध्यान नहीं दिए जाने पर यह बीमारी महामारी में तब्दील हो सकती है।

श्री ठाकुर ने भिलाई में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में निरंतर बढ़ रहे अपराध से जनता भयभीत हो रही है। छग का ग्रामीण अंचल जो शांत और अपराध मुक्त था। अब कई प्रकार के अपराध व नशे से ग्रस्त हो गया है। यह अपराध का गढ़ बनता जा रहा है। सरकार छग में संपूर्ण नशाबंदी कर शराब गांजा सभी प्रकार के नशों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के सिंधु दुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा बारिश और हवा से गिर गई। प्रधानमंत्री का माफी मांगना राजनीतिक लाभ प्रद हो सकता है। लेकिन क्या इसकी जांच कराई की प्रतिमा जिसने बनाई थी। बिहार में भी कई पुल गिरे पर कार्रवाई नहीं हुई। श्री ठाकुर ने पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पत्नी व भाजपा नेता सरोज पाण्डेय के पिता के निधन पर शोक जताया। चर्चा के दौरान प्रदेश के अध्यक्ष अशोक पंडा, महासचिव श्याम मनोहर सिंह, डॉ. शिंदे आदि उपस्थित थे।

## कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- गुंडा बदमाशों का अभियान जारी

गुंडा बदमाशों के खिलाफ अभियान चलाकर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर वार्ड 34 केनाल रोड जोन 2 सेक्टर 11 खुर्सीपार निवासी इंदर सिंह को पकड़ गया । उसके पास से पुलिस ने एक पिस्टल दो कारतूस जब्त किया गया है। युवक को डबारा पारा चौक के पास पकड़ा गया है। इंदर से कमरे में हथियार को छिपाकर जा रहा था। पुलिस ने चौक पर रोक कर चेक करने पर उसके पास से हथियार बरामद किया।हथियार कीमत 20 हजार 5 सौ रुपए आंकी गई है। आरोपी इंदर सिंह कारतुस कहां से लाया कहां लेकर जा रहा था। इसे लेकर पूछताछ कर रही है। निरीक्षक अम्बर सिंह भरतद्वाज हाल ही में खुर्सीपार थाने की जिम्मेदारी मिली है। उसके बाद से अपराधियों के खिलाफ अभिान चलाकर कार्रवाई करना शुरु कर दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी की टीम ने आरोपी को तुरंत ट्रेस कर लिया।

## विधायक देवेंद्र के समर्थन में युवाओं ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**भिलाई।** बलौदाबाजार मामले में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में लगातार प्रदर्शन जारी है। इसी तारतम्य में सतनामी समाज के युवा कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाया। उन्होंने देवेंद्र यादव को आरोपी बनाए जाने को राजनीतिक षड़यंत्र बताया। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ता भी मौजूद थे। सुपेला गदा चौक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



- युवा कांग्रेस ने कहा- विधायक को रिहा करें, नहीं तो उग्र आंदोलन

कार्यकर्ता ने कहा कि देवेंद्र यादव को जल्द से जल्द रिहा किया जाए, अन्यथा और भी उग्र आंदोलन होंगे। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। भिलाई और वैशालीनगर के हजारों युवाओं ने इस अभियान में शामिल हुए। इस अवसर पर आमिर सिद्दीकी, आदित्य सिंह जुल्फिकार सिद्दीकी, इमाम खान, अमन साव (सेठिया), अफरोज खान, सौरभ मिश्रा, आशीष शुक्ला, अभय सिंह, गुरलिन सिंह, मनीष तिवारी, फराज अहमद, आदिल राज आदि उपस्थित थे।

## बीएकेएस के वाद पर कैट का नोटिस

**भिलाई।** बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ के द्वारा वेज रीविजन में की गई गलतियों पर कैट प्रिंसिपल बेंच दिल्ली में मुकदमा दर्ज कराया था । इस पर कैट द्वारा सेल प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया है । नोटिस में प्रिंसिपल बेंच ने चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा है । सेल प्रबंधन द्वारा जवाब दाखिल करने के 2 सप्ताह के भीतर रिज्वाईंडर दाखिल करना होगा । बीएकेएस के अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि सेल अधिकारी तथा अन्य महारत्ना पीएसयू के मुकाबले घाटे का वेज रीविजन करने से सेल कार्मिको को काफी नुकुसान हुआ है । हमारी यूनियन के माध्यम से कैट दिल्ली में वेज रीविजन मुद्दे पर मुकदमा दर्ज कराया है । कर्मचारियों को भी 15% एमजीबी , 35 पर्क्स का लाभ सहित , 39 माह का फिटमेंट , 58 माह का पर्क्स एरियर का लाभ चाहिए ।

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
तिरूपति बालाजी में दर्शन की गारंटी समिति की रहेगी
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक: 13 अक्टूबर 2024, 21 दिसंबर 2024, 19 जनवरी 2025, 16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 17 सितंबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

02

इंजीनियर्स डे: समाज की महिलाओं को किया सम्मानित

## लाइव इवेंट

### साइंस कॉलेज परिसर में विधि-विधान से हो रही गणेश पूजा



**दुर्ग।** साइंस कॉलेज में छात्र-छात्राओ द्वारा पहली बार कॉलेज परिसर में गणपति जी की स्थापना की गई है, जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा रोज़ाना विधि विधान से भगवान गणेश की आरती की जा रही है। पहला मौका है कि कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओ द्वारा गणपति की स्थापना की गई है। प्रतिदिन रखी गई महाआरती में पूर्व विधायक अरुण वोरा, केकेसी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक बोरकर, डामेंद्र परगनिहा, एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू साहू, आदित्य नारंग, आकाश कन्नोजिया सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर भंडारा का भी आयोजन किया गया था, जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं शामिल हुए। भंडारा का आयोजन सभी छात्र छात्राओ ने मिलकर किया।

- आज हवन और भंडारा, कॉलेज से छात्र होंगे शामिल

#### रंगोली और चित्रकला स्पर्धा का आयोजन

इस अवसर पर रंगोली और चित्रकारिता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के दिन हवन-पूजन होगा। इधर आरती में साहिल विश्वकर्मा, उस्मान रजा, मुरली डड़सेना, लाकेश सिन्हा, चैतन्य बंछोर, आकांक्षा वर्मा, अभ्या देशलहरे, सुधीर चंदेल, गजेंद्र साहू, साहिल टंडन, मोहनीश चंद्रवंशी, संदीप यादव, हिमानी, तनु पासवान, कशिश मरकाम, निधि, मयंक देशमुख, बंटी मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### हिन्दी दिवस पर संगोष्ठी, वक्ताओं ने कहा- इसके लिए क्रांति जरूरी



**भिलाई।** हिंदी दिवस पर समाजिक सेवा भाव से आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन द्वारा तेलुगू भाषी प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में एक परिचर्चा व संगोष्ठी का आयोजन सेक्टर-1 अंबेडकर पार्क भिलाई में किया गया। अध्यक्ष के.उमाशंकर राव ने बताया कि हिंदी भाषा एक परिष्कृत वैज्ञानिक सम्मत सुसंस्कृत भारतीय भाषा है, जो संघीय भारत के अधिकतर राज्यों में अधिकतम लोगों की व्यवहारिक भाषा है। देश की स्वतंत्रता के बाद से ही धीरे-धीरे अनापेक्षित ढंग से शिक्षण, राजकीय व्यवहार तथा अन्य कार्यों में हिंदी भाषा के साथ-साथ अन्य प्रादेशिक भाषाओं का उपयोग का ग्राफ भी धीरे-धीरे गिरता चला गया। अंग्रेजी के ज्ञान की अनिवार्यता तथा हिंदी व प्रादेशिक भाषाओं की उपेक्षा कहीं ना कहीं हिंदी भाषा व अन्य भारतीय प्रादेशिक भाषाओं के पतन का कारण बन रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि व पूर्व पार्षद जी.राजू ने कहा कि आज भले ही हम विश्व की सर्वश्रेष्ठ हिंदी भाषा के प्रति आदर स्नेह भाव रखते हैं, किंतु अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढ़ाने को विवश हैं। वक्ताओं में वी.अप्पाराव, एमएस राव, ए. जगन्नाथ, डीटी रेड्डी, पी. रवि कुमार, एन. भास्कर राव, पी. चन्द्रशेखर, के.प्रसाद राव, डी शंकर राव, सीएच अप्पल स्वामी, एम. लोकेश, सीताराम ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन समिति के सदस्य जी.माधवराव द्वारा करते हुए हिंदी भाषा से संबंधित अनेक पहलुओं उसके इतिहास विकास व उत्थान संबंधित अनेक जानकारियां दी।

● विद्यार्थियों के लिए श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में हुई त्याग धर्मसभा

# भगवान जिनेंद्र का हुआ मंगल अभिषेक, अनंत चतुर्दशी पर आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**चातुर्मास के दौरान दिगंबर और श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा धर्मा सभाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान दुर्ग और भिलाई के जैन मंदिरों में अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। पहले श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा 10 लक्षण पर्यूषण पर्व का आयोजन किया गया। फिलहाल दिगंम्बर जैन समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कृष्ण पक्ष के प्रतिपदा यानी एकम के दिन क्षमा पर्व का आयोजन किया जाना है। हालांकि कुछ जगहों पर रविवार के दिन 22 सितंबर को भी क्षमा मांगने का कार्यक्रम होगा।**





**भिलाई/ दुर्ग।** त्रिवेणी जैन तीर्थ में सोमवार को जिनेंद्र भगवान का मंगल अभिषेक हुआ। इस दौरान पूरे दिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर त्रिवेणी जैन तीर्थ से जिनेंद्र भगवान की शोभायात्रा निकलेगी। जैन मंदिर में सोमवार को 10 लक्षण महापर्व के अंतर्गत आंकिचन्य धर्म दिवस मनाया गया। 1008 सुमति नाथ, पार्श्वनाथ, आदिनाथ भगवान का मंगल अभिषेक और शांति धारा पाठ किया गया। आंकिचन्य धर्म का अर्थ बताते हुए सांगानेर के शास्त्री सचिन ने कहा कि आज हम सब झूठ मायाचारी लालच, भौतिक सुख के दिखावे और अहंकार की जिंदगी से जी रहे हैं। इससे बचना जरूरी है। यही आंकिचन्य धर्म है। क्योंकि एक दिन हम सबको अपना धन, माया जमीन, जायदाद यहीं छोड़कर खाली हाथ जाना है। धर्म से बढ़कर दुनिया में कोई मार्ग नहीं है। आप सभी जैन धर्म की शिक्षा-संस्कार को ग्रहण करते हुए देव शास्त्र गुरु के चरणों में अपना जीवन व्यतीत करें। अपने जीवन को कल्याण के कार्यों में लगाएं? श्री पारसनाथ दिगंबर जैन महासभा समिति के सदस्य द्वारा आचार्य विद्यासागर, विशुद्ध सागर के छायाचित्र पर मंगलदीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर उपवास करने वालों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उन्हें सम्मानित भी किया गया।

#### दोपहर 2 बजे मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा

भगवान जिनेंद्र की शोभायात्रा दोपहर 2 बजे जैन भवन सेक्टर-6 से निकलेगी। भगवान की अष्टधातु प्रतिमा के साथ इंद्र, सौधर्मेंद्र, सनथ इंद्र, कुबेर इंद्र, ईशान इंद्र, महेंद्र इंद्र और सारथी सहित गाजे बाजे के उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म दिवस पर अनंत चतुर्दशी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा गुरुद्वारा रोड से होते हुए सेक्टर 6 मार्केट, अग्रसेन भवन होते हुए नगर भ्रमण करेगी। शाम 7:30 मंगल आरती, पूजन के बाद प्रवचन और 48 दीपों के साथ भक्तामर का पा होगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



### आचार्य सम्राट जयमल महाराज का 317 वां जन्म महोत्सव मना

**दुर्ग।** आचार्य सम्राट श्री जयमल महाराज के 317 वें जन्म महोत्सव पर जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में धर्म सभा का आयोजन किया गया। 5 सामायिक की साधना के साथ धर्मसभा हुई। जयमल महाराज के जन्म से लेकर संयम साधना से जुड़े प्रेरणादायक संस्मरण नाटिका को श्रमण संघ महिला मंडल ने जीवंत प्रस्तुति दी। इसे धर्मसभा में लोगों ने बेहद सराहा गया। चिन्नई से आए गुरु भक्त श्री सज्जन राज महेता ने पुरस्कृत किया। मासक्षमण की तपस्या की ओर अग्रसर आशा सुराणा का अभिनंदन उनकी बेटी कुमकुम सुराणा ने किया। उन्होंने 9 उपवास करने का प्रण लिया। आचार्य सम्राट जयमल महाराज के जन्म महोत्सव पर आयोजित सभा में कमला, सजन, राज महेता, कुमकुम सुराना, विनय पटवा, गोलू गोलक्षा, सिद्ध चंद लोढ़ा ने जन्म महोत्सव पर अपने भाव रखे। साध्वी डॉ. सुमंगल प्रभा ने कहा आचार्य सम्राट जयमल महाराज का जीवन तप त्याग धर्म ध्यान से ओत-प्रोत था। मात्र तीन धंटे की सामायिक साधना के साथ उन्होंने प्रतिक्रमण पूरा किया था। ऐसी कई धर्म साधना जयमल महाराज ने की है। उनके जीवन को उदाहरण बना कर अपने जीवन को धर्म के क्षेत्र में जुड़कर आदर्श स्थापित किया जा सकता है।

#### पांच सामायिक साधना की गई

श्रमण संघ महिला मंडल श्रमण संघ स्वाध्याय मंडल, वर्धमान सेवा मंच सहित श्रमण संघ के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में सहयोग किया। पांच सामायिक की साधना की गई, चांदी के सिक्कों का वितरण किया गया। सभा का संचालन मंत्री राकेश संचेती ने किया। अतिथियों का आभार प्रकट संघ के अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा ने किया। इस अवसर पर समाज के लोग मौजूद थे।

# हवन के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू

15 सितंबर को पंचक लगने की वजह से कई जगह पर सोमवार को हवन-पूजन और विसर्जन हुए









**भिलाई।** 7 सितंबर से शुरू गणेशोत्सव अब अपने समापन की ओर है। 15 सितंबर से पंचक लगने की वजह से सोमवार को कई गणेश पंडालों और घरों में हवन-पूजन किया गया। इसके साथ ही गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की शुरुआत हो गई। हालांकि बहुत सारी जगहों पर 17 सितंबर को हवन-पूजन के साथ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन होना है। इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सोमवार को सेक्टर-2 स्थित गणेश पंडाल में हवन किया गया। आयोजन समिति के लोगों ने बताया कि विधि विधान के साथ हवन पूजन की गई। 17 सितंबर को भी देर शाम तक हवन के साथ गणेश प्रतिमा का विसर्जन होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन सुबह विधि विधान के साथ भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गई। वही सुबह तथा शाम को विशेष आरती हुई। बता दें कि दुर्ग भिलाई में 12 से ज्यादा जगहों पर गणेशोत्सव को लेकर बड़े आयोजन हुए। मेले-ठेले के साथ आकर्षक झांकियों को देखने के लिए भक्त पहुंचे। इस बीच भगवान गणेश की आकर्षक प्रतिमाओं के भी दर्शन हुए। आयोजकों ने बताया कि भिलाई में 17 सितंबर की शाम से ही गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हो जाएगा।

### परशुराम भवन में विश्वकर्मा पूजा आज



**भिलाई।** विश्वकर्मा समाज कल्याण केन्द्र भिलाई द्वारा 17 सितम्बर की दोपहर 3:30 बजे से सड़क नं.2, सेक्टर-2, परशुराम भवन के पीछे भिलाई में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया है। समाज के महासचिव सुरेन्द्र शर्मा ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद, दुर्ग होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष सुभाष शर्मा करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, संरक्षक निशीकांत शर्मा, सुशील शर्मा, सुजीत विश्वकर्मा, हरिराम शर्मा, अजय शर्मा, प्रदीप शर्मा, बिहारीलाल शर्मा, एसके शर्मा होंगे। अतिथियो का आगमन शाम 5 बजे होगा। प्रसाद का वितरण शाम 6 बजे किया जाएगा।

## आयोजन

### सतनाम भवन में संत रामपाल महाराज का हुआ सत्संग



**दुर्ग।** सतनामी भवन में संत रामपाल का एक दिवसीय सत्संग आयोजित हुआ। इस अवसर पर उनके अनुयायियों ने आध्यात्मिक ज्ञान का लाभ उठाया। संत रामपाल ने अपने प्रवचनों में समाज में व्याप्त अंधविश्वास और कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। उन्होंने सच्चे धर्म और भक्ति के महत्व को समझाते हुए कहा कि सत्य मार्ग पर चलकर ही जीवन में शांति और समृद्धि प्राप्त की जा सकती है। संत ने वेदों और अन्य पवित्र ग्रंथों के उद्धरण देकर लोगों को सही दिशा में चलने की प्रेरणा दी। सत्संग के बाद, भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें चाय और बिस्किट का वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और संत रामपाल जी के उपदेशों से प्रेरित होकर अपने जीवन को सही दिशा में ले जाने का संकल्प लिया।

#### अग्रसेन भवन में रोजगार और लोन मेला आज

**भिलाई।** चेंबर ऑफ कामर्स भिलाई इकाई द्वारा व्यापारी व उद्योग जगत वर्ग की एक बड़ी समस्या वर्कर्स की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए भव्य रोजगार मेला का आयोजन 17 सितंबर को किया जा रहा है। इस अवसर पर आईटी, इंजीनियरिंग, आर्ट, बैंकिंग व अन्य सेक्टर की जॉब के लिए भी कंपनी के स्टाल ओपन रहेंगे। रोजगार मेला में निशुल्क आवेदन किया जा सकता है। शासकीय व अर्धशासकीय बैंक के टेबल पर अधिकारियों से रुबरु होकर लोन के बारे में जानकारी ले सकते हैं। मुद्रा लोन, मॉडगेज लोन, व्यापार लोन, सीसी लिमिट सभी लोन के लिए अनेक बैंक उपस्थित रहेंगे। लोन मेला मंगलवार की सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक अग्रसेन भवन सेक्टर 6 में आयोजित है।

टेक्निकल यूनिवर्सिटी की कार्यशाला में 40 दिन के कार्यक्रमों पर चर्चा

# आदिवासियों के सामाजिक मूल्यों, योगदान, स्वतंत्रता आंदोलन में सहभागिता को अब देश-दुनिया जानेगी

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के तत्त्वावधान में शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय रायपुर में जनजातीय गौरव दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में जनजातीय समाज के ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान को सामने लाना रहा।



#### स्टूडेंट्स रानी दुर्गावती का इतिहास जानेंगे



कार्यक्रम का आयोजन रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती (5 अक्टूबर) और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती (15 नवंबर) को ध्यान में रखते हुए किया गया, जिसके अंतर्गत पूरे राज्य में 5 अक्टूबर से 15 नवंबर तक 40 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत, उनके सामाजिक मूल्यों और स्वतंत्रता आंदोलनों में महत्त्वपूर्ण भूमिका को समाज के सामने लाया जाएगा। इस कार्यशाला में राज्यभर के विभिन्न इंजीनियरिंग, पॉलिटेक्निकल एवं आईटीआई संस्थानों के समन्वयक एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा थे।

#### ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यामिक पहलुओं पर चर्चा

मुख्य प्रशिक्षक एवं वक्ता के रूप में बस्तर से आए श्री रामनाथ कश्यप और सामाजिक कार्यकर्ता वैभव सुरंगे ने जनजातीय समाज के ऐतिहासिक, सामाजिक और आध्यात्मिक पहलुओं पर गहन प्रकाश डाला। कार्यक्रम स्थल पर जनजाति नायकों की सुंदर प्रदर्शनी भी लगाई गई जो विद्यार्थियों व प्राध्यापकों के बीच में आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर सीएसवीटीयू के कुलपति एमके वर्मा, वनवासी विकास समिति के प्रांत अध्यक्ष उमेश कच्छप, रजिस्ट्रार अंकित अरोड़ा, शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एमआर खान, वनवासी विकास समिति के प्रांत सचिव डॉ. अनुराग जैन, टेक्निकल एजुकेशन के उप संचालक सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

#### स्टूडेंट्स ने दी नृत्य और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

कार्यक्रम का संचालन राजीव शर्मा ने किया। इस अवसर पर जनजाति छात्राओं द्वारा आकर्षक स्वागत नृत्य की प्रस्तुति भी की गई। कार्यक्रम में सरगुजा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और बस्तर संभाग से बड़ी संख्या में अध्येताओं और छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्रों ने कई संदेश देते सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता निभाई।

## भगवान गणेश की प्रतिमा



भिलाई। नरहरि सेवकरामजी काले समिति एमआईजी-1/928 हुडको।



भिलाई। युवा गणेशोत्सव समिति टेंट हाउस के सामने रामनगर भिलाई।



भिलाई। शिव शक्ति गणेशोत्सव समित ए मार्केट सेक्टर-6।



भिलाई। सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति सड़क-5 सेक्टर-4



भिलाई। बोरिया फ्रेंड्स क्लब गणेशोत्सव समिति सड़क 27 सेक्टर-4।

नारा-ए-रिसालत की गूंज, जगह-जगह सर्वसमाज ने किया स्वागत

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस-ए-मुहम्मदी, शहर में जगह-जगह हुआ इस्तकबाल

**भिलाई।** पैगम्बरे मुहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश पर सोमवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी शहर में खुशियों के साथ मनाया गया। शहर के अलग-अलग हिस्सों में जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाला गया। वहीं तमाम मदरसों व मस्जिदों में परचमे इस्लाम फहराया गया। इस दौरान नारा-ए-तकबीर अल्लाहू अकबर और नारा-ए-रिसालत या रसूल अल्लाह की सदा से आसमान गूंज उठा। शहर में जुलूस-ए-मुहम्मदी का जगह-जगह इस्तकबाल हुआ। जिसमें विभिन्न धर्म-समुदाय के लोग भी शामिल हुए।



### कैंप-1 से शुरू हुआ जुलूस, सेक्टर-6 में परचम कुशाई

जुलूसे मुहम्मदी का आगाज़ दोपहर 2 बजे गौसिया मस्जिद केम्प-1 से हुआ। जुलूस लिंक रोड से होता हुआ केम्प-2 रज़ा जामा मस्जिद पहुंचा। वहां से मदरसा रोड से शीतला कॉम्पलेक्स से नंदिनी रोड फिर ओवर ब्रिज से पार कर शाम को इक्विपमेंट चौक पहुंचा। जहां पर हाउसिंग बोर्ड, खुर्सीपार, जोन-1,2 व जोन-3 से आने वाली अन्जुमने भी शामिल हुईं। यहां हजरत अल्लामा तौसीफ रज़ा खान ने तमाम मस्जिदों के इमामों की मौजूदगी में परचमे इस्लाम फहराया। जुलूस के बाद मग़रिब की नमाज हुई और शाम 6.30 बजे से तकरीरी कार्यक्रम शुरु होगा। जिसमें हजरत अल्लामा तौसीफ रजा खान ने पैगम्बरे इस्लाम की तालीम पर अमल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आप सल्लाहु अलैहिसल्लम की जिंदगी गुजारने के बताए रास्ते पर चलने से दुनिया में अमन व सुकून कायम कर सकते हैं। इस जुलूस में दुर्ग-भिलाई व भिलाई-तीन सहित आसपास की सभी मस्जिदों के इमाम, यहां की कमेटियों के ओहदेदार और बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए। पूरे जुलूस में जगह-जगह लंगर व सबील का इंतजाम किया गया था।



### भिलाई-तीन मस्जिद-मजार में रक्तदान व चिकित्सा शिविर

सैयदी सुन्नी जामा मस्जिद मजार कमेटी भिलाई-3 की ओर से जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर 8 सितंबर से आयोजनों का सिलसिला जारी है। सोमवार की सुबह यहां परचमे इस्लाम फहराया गया। वहीं जुलूसे मुहम्मदी भी निकाला गया। इसके पहले यहां 8 सितंबर से 13 सितंबर तक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों ने हजारों लोगों को निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया। वहीं जरूरी पैथोलॉजिकल जांच भी निशुल्क की गई। 12 को मौलाना शोएब रज़ा आसवी साहब की तकरीर,13 को औरतों की मिलाद शरीफ और 14 को को इस्लामिक क्विज कांटेस्ट रखी गई। 15 को सुबह रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। यहां 17 सितंबर को आम लंगर रखा गया है।

### गणेश पंडाल में हुआ ईद मिलादुन्नबी के जुलूस का इस्तकबाल



इस्पात नगरी की सर्वधर्म समभावना को मजबूत करते हुए हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र के युवाओं ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में अनूठी पहल की। यहां गणेश मंदिर वार्ड-25 में गणेशोत्सव समिति ने गणेश पंडाल के सामने से निकलने वाले ईद मिलादुन्नबी का जुलूस का समिति के लोगों ने मुस्लिम भाइयों के इस्तकबाल किया। समिति के संयोजक नितेश सिंह के नेतृत्व में नौजवानों ने जुलूस का स्वागत किया और सभी को शरबत पिला कर विदा किया।

### सेक्टर-7 में सलाम पढ़ते हुए निकाला जुलूस

सेक्टर-7 में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस हाजी सैयद अनवर अली के क्वार्टर नंबर 6 बी, स्ट्रीट-19 से शुरू हुआ। जो सेक्टर-7 मार्केट से होकर विभिन्न स्ट्रीट से गुजरते हुए वापस मदरसा पहुंचा। जूलूस में बच्चे और बड़े सभी नात शरीफ और दरूद पढ़ते हुए चल रहे थे। वहीं इस जुलूस का जगह-जगह इस्तकबाल हुआ। जिसमें बच्चों को मिठाइयां व तोहफे दिए गए। जुलूस के लौटने के बाद परचमे इस्लाम फहराया गया।

शैक्षिक नवाचार

# नन्हीं कलम में छात्रों की रचनाएं हुई शामिल, हिंदी पखवाड़े की शुरुआत





**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में हिंदी पखवाड़े का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर शैक्षिक नवाचार के अंतर्गत कक्षा छठवीं बी के छात्र-छात्राओं की रचनाओं को प्रकाशित किया गया। पत्रिका का नाम नन्ही कलम रखा गया। पत्रिका का विमोचन करते हुए प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि हम हिंदी दिवस पर हिंदी में लिखने-पढ़ने की बात कर रहे हैं लेकिन हम सभी को लिखने और पढ़ने का शौक पालना चाहिए। इससे व्यक्तित्व का विकास होता है। पढ़ने और लिखने से दिमाग सक्रिय होता है और नई जानकारी मिलती है। लिखने से विचारों को व्यक्त करने का कौशल विकसित होता है। मोबाइल से आपके सोने की शक्ति प्रभावित होती है।

### इन छात्रों की रचनाओं से बनी है पत्रिका

पत्रिका में आकाशी साहू, हर्षिता, सोनवानी, चंचल, हर्षीन, देविका, मीनाक्षी आद्या, मौसमी श्रेयादिता, प्रांजल, रेशमा , संजना, वंशिका साहू ,वंशिका ताम्रकार, रचिता साक्षी वर्मा, वंशिका बेल चंदन, यशवी, पूर्वी साहू, पूर्वी कोटुरवर, रेणुका, आरोही, आयुषी, दिव्यांशी, अविका, हर्षिता देशमुख, यश, हरमुख, सिद्धार्थ, प्रत्यूष, नवनीत, अभिनव, आदित्य सेन, आदित्य सिन्हा, युक्त, युग, सोमेश, वेदांत, सुशांत, वृषभ, वरुण, समीर, चंद्रकांत, मयंक दास, मयंक साहू, प्रियांशु, लक्ष्य, नुराज ने रचनाएं लिखी।

### छात्रों की रचनाएं हुई शामिल

डॉ अजय आर्य ने जानकारी देते हुए कहा कि नन्ही कलम में कक्षा छठवीं के छात्रों की रचनाएं शामिल की गई है। प्रत्येक बच्चे को एक कविता लिखने के लिए प्रेरित किया गया था। पाठ्य पुस्तक की कविता को पढ़ाते हुए बच्चों को कविता लिखने के लिए प्रेरित किया गया था। इसमें कक्षा छठवीं बी के 47 बच्चों ने भाग लिया था। कार्यक्रम में कमल सोनी, पुरुषोत्तम साहू, उषा रानी, शहनाज, महेंद्र, कमल सोनी, पुष्पा बड़ा, डॉ राखी श्रीवास्तव, सतीश धीवर, टकेश्वर साहू, कल्पना शर्मा, रचना पाल, डॉ अजय आर्य सहित सभी सहयोगी उपस्थित रहे। हिंदी दिवस के अवसर पर पुस्तकालय अध्यक्ष संजू कुमारी के नेतृत्व में हिंदी पुस्तकों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम साहू ने किया।

आयोजन

# सिविल इंजी. और वैल्यूएशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शुभ्रकांत सम्मानित

**भिलाई।** अभियंता दिवस के अवसर पर पुणे महाराष्ट्र में आयोजित एक कार्यक्रम में आए भारत के अनेकों राज्यों के 100 से अधिक इंजीनियरों और वैल्यूअर्स में से सिर्फ 4 इंजीनियरों और वैल्यूअरों को सम्मानित किया गया। जिसमें से 1 छत्तीसगढ़ भिलाई से इंजीनियर शुभ्रकांत ताम्रकार को सिविल इंजीनियरिंग और वैल्यूएशन के क्षेत्र में अच्छे कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है।इस कार्यक्रम का आयोजन इंडियन इंस्टीट्यूशन ऑफ़ वैल्यूअर्स द्वारा पुणे महाराष्ट्र के हॉटल सेंट्रल पार्क में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत भर के इंजीनियर्स और वैल्यूअर्स के साथ इंजीनियर्स डे मनाना और अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को सम्मानित करना और वैल्यूएशन विषय पर एक दिवसीय सेमिनार करना था। जहां छत्तीसगढ़ के इंजीनियर एवं वैल्यूवर शुभ्रकांत ताम्रकार ने पुणे महाराष्ट्र में छत्तीसगढ़ का नाम रौशन किया।



### इंजीनियर्स डे: समाज की महिलाओं को किया सम्मानित

**भिलाई।** कंवर समाज महिला मंडल भिलाई द्वारा इंजीनियर्स डे और तीज मिलन समारोह सेलिब्रेशन आशीष नगर पश्चिम रिसाली भिलाई में कंवर समाज के सामाजिक भवन में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुष्पालता चंद्रवंशी, विशेष अतिथि अंबिका दाऊ, समाज की अध्यक्ष रंजना चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष कांति ठाकुर, सचिव माधुरी रावटे, कोषाध्यक्ष देवकी ठाकुर, उप कोषाध्यक्ष पूर्णिमा ठाकुर, सहसचिव चमारिन चंद्रवंशी, संगठन सचिव गीतांजलि जयसिंधु, मंच संचालक गायत्री दीवान, सीमा चंद्रवंशी, आरती दुधकौरव, पनवती पैकरा उपस्थित रही। प्रतियोगिता में तीज क्वीन प्रथम भोज चंद्रवंशी, द्वितीय चंद्रलेखा दुधकौरव, तृतीय विजय लक्ष्मी चंद्रवंशी विजेता रहीं। इंजीनियर्स डे के अवसर पर शोहद्रा ठाकुर (पीडब्लूडी), चंद्रलेखा दुधकौरव को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।



देवांगन जन कल्याण समिति के तीज मिलन आकांक्षा बनी तीज क्वीन 2024

# महिलाओं ने विविध स्पर्धाओं में मारी बाजी बेबाकी से उत्तर देकर जीता क्वीन का खिताब

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई नगर के तत्वावधान में परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में महिलाओं के लिए तीज मिलन के रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने एक से बढ़कर एक मनोरंजक गेम खेलकर विजेता बने तो वही तीज क्वीन प्रतियोगिता में आकर्षक पारंपरिक वेशभूषा में अपना जलवा बिखेरा और प्रश्नों का उत्तर बेबाकी से दिया। इस अवसर पर तीज क्वीन स्पर्धा में आकांक्षा देवांगन को तीज क्वीन 2024 का खिताब दिया गया। जिसमें नेकप्रभा देवांगन द्वितीय एवं विनीता सुनील देवांगन तृतीय स्थान पर रही।



### यह रही विजेता

महिलाओं के लिए आयोजित छत्तीसगढ़ी वेशभूषा प्रतियोगिता में गायत्री देवांगन प्रथम एवं गंगा देवांगन द्वितीय, फलाहारी व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम आकांक्षा देवांगन, द्वीतीय युक्ती देवांगन, तृतीय मंजु देवांगन, शिवलिंग सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम प्रतिभा देवांगन, द्वीतीय गायत्री देवांगन, तृतीय दामिनी देवांगन, मटका दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम गायत्री देवांगन, द्वितीय गंगा देवांगन, तृतीय युवती देवांगन, एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम विनीता देवेन्द्र, द्वितीय प्रतिभा देवांगन, तृतीय आकांक्षा देवांगन, जोड़ी गेम में प्रथम लक्ष्मी देवांगन, द्वीतीय शकुंतला बांकुरे, नेकप्रभा तृतीय स्थान पर रही। महिलाओं की श्रृंगार पर केंद्रित क्विज प्रतियोगिता रोचक एवं आकर्षण का केंद्र रही। सभी प्रतियोगिता के विजेताओं को समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### प्रतिभाओं को समाज देगा मंच

समारोह के आरंभ में देवांगन जन कल्याण समिति भिलाई के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने महिलाओं को तीज पर्व की बधाई देते हुए कहा कि महिलाएं प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभाओं को निखार रहीं है। उन्हें समिति समय-समय पर विविध मंच प्रदान करेगी। जिससे समाज की महिलाएं और आगे बढ़ कर समाज का नाम रौशन कर सके। इस अवसर पर लगाए गए सावन झूले का महिलाओं ने आनंद लिया। इन सभी कार्यक्रमों में छोटे बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। देर रात तक चले कार्यक्रम में समाज के सभी वर्ग के लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कल्पना भानु देवांगन एवं आभार प्रदर्शन शकुंतला बांकुरे ने किया। आयोजन में विशेष रूप से डॉ. सूर्य मंगल देवांगन, प्रभा देवांगन, अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन, उपाध्यक्ष रेशमलाल देवांगन, कल्पना भानु, दयाराम देवांगन, सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र देवांगन, हेम कैलाश देवांगन, सत्यपाल देवांगन, राजू देवांगन, जीतेन्द्र बांकुरे, होमलाल देवांगन, चैनेश्वर देवांगन, खुमानसिंह देवांगन, मंगतूराम देवांगन, राधारमण देवांगन, श्रवण देवांगन, जयश्री देवांगन, शकुंतला बांकुरे, लक्ष्मी देवांगन, कामना देवांगन, मीनाक्षी देवांगन, चंद्रप्रभा देवांगन, मधुबाला देवांगन, सरिता देवांगन, दामिनी देवांगन, आदि सहित महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

ज्योतिष

## पितृ पक्ष में पड़ेंगे सूर्य और चंद्र ग्रहण, इन राशियों की पलट सकती है किस्मत



वैदिक ज्योतिष अनुसार समय- समय पर ग्रहण लगते हैं। जिसका प्रभाव मानव जीवन और देश- दुनिया पर पड़ता है। आपको बता दें कि पितृ पक्ष में इस साल 2 ग्रहण पड़ने जा रहे हैं, जिसमें सबसे पहले 17 सितंबर को चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। साथ ही पितृ पक्ष के आखिरी दिन 2 अक्टूबर को सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। मतलब पितृ पक्ष मे दो ग्रहण लगने जा रहे हैं। जिससे कुछ राशियों के अच्छे दिन शुरू हो सकते हैं। साथ ही इस समय आकस्मिक धनलाभ और तरक्की के योग बन रहे हैं। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं

**वृषभ राशि :** दोनों ग्रहण वृष राशि के जातकों को लाभकारी साबित हो सकता है। इस दौरान आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। साथ ही इस दौरान घर के कामों में व्यस्तता के बाद भी आप अपने परिवार को भरपूर समय दे पाएंगे। आपके लिए कहीं से शुभ समाचार आएंगे। वहीं इस समय आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। साथ ही आपको मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति हो सकती है। वहीं इस दौरान व्यापारियों को अच्छा धनलाभ हो सकता है। साथ ही कारोबारी कोई बड़ी व्यवसायिक डील कर सकते हैं। वहीं नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति हो सकती है।

**तुला राशि :** तुला राशि के जातकों के लिए दोनों ग्रहण अनुकूल सिद्ध हो सकता है। इस अवधि में आपको काम- कारोबार में तरक्की मिल सकती है। वहीं नौकरी के बारे में किसी भी तरह की शुभ सूचना मिल सकती है। इस महीने आपको अचल संपत्ति और जमीन जायदाद से लाभ होगा। इस महीने आपकी कई योजनाएं जो चल रही हैं वे पूरी होंगी। आर्थिक रूप से निश्चिंतता रहेगी। साथ ही इस दौरान शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा।

**धनु राशि :** धनु राशि के जातकों के लिए दोनों ग्रहण आपको शुभ फलदायी सिद्ध हो सकता है। इस दौरान में आपकी आय में जबरदस्त इजाफा हो सकता है। वहीं इस समय आपकी आय के नए सोर्स बन सकते हैं। साथ ही करियर में कई शुभ अवसर आपको मिलने वाले हैं। वहीं आपको भाग्य आपका पूरी तरह से साथ देने वाला है। इस अवधि में आपको मकान और वाहन का सुख भी मिल सकता है। साथ ही इस अवधि में अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है।

## 500 साल बाद बनेंगे 3 राजयोग, दिवाली से पहले इन राशियों की चमक सकती है किस्मत



वैदिक ज्योतिष अनुसार सितंबर के महीने में 3 राजयोग का निर्माण होने जा रहा है, जिसमें शनि ग्रह स्वराशि कुंभ में गोचर करते हुए शश राजयोग बना रहे हैं। ग्रहों के राजकुमार बुध 23 सितंबर को स्वराशि कन्या में प्रवेश करके भद्र राजयोग बनाएंगे। साथ ही धन के दाता शुक्र भी 18 सितंबर को स्वराशि तुला में गोचर करते हुए मालव्य राजयोग बना रहे हैं। यह अपने आप में विचित्र संयोग है कि 3 बड़े ग्रह स्वराशियों में गोचर करते हुए एक साथ 3 राजयोग बनाएंगे। जिससे दिवाली से पहले कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। साथ ही इस समय आपको मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति हो सकती है। आइए जानते हैं ये लकी राशियां कौन सी हैं

**मेष राशि :** मेष राशि के जातकों के लिए तीन राशियोग लाभकारी साबित हो सकता है। इस दौरान आपको समय- समय पर आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। साथ ही आय के नए स्त्रोत बन सकते हैं। वहीं इस समय आपको निवेश से लाभ मिल सकता है। वहीं आपके सहकर्मियों से भी आपको कुछ अच्छी खबरें मिलेंगी। इस महीने नया घर या वाहन खरीदने की आपकी ख्वाहिश पूरी हो सकती है। साथ ही इस समय आपको नई नौकरी के ऑफर मिल सकते हैं। वहीं इस दौरान आप देश- विदेश की यात्रा कर सकते हैं।

**वृष राशि :** तीन राजयोग का बनना वृष राशि के जातकों को अनुकूल सिद्ध हो सकता है। इस अवधि में आपकी आय में जबरदस्त इजाफा हो सकता है। साथ ही आपको अचल संपत्ति और जमीन जायदाद से लाभ होगा। ऑफिस में हर मामले में सहयोगी आपकी मदद करेंगे। वहीं इस दौरान शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा। वहीं इस समय आर्थिक रूप से निश्चिंतता रहेगी। आपकी उपलब्धियां आपको अन्य सभी की प्रशंसा दिलाएंगी।

**कन्या राशि :** कन्या राशि वालों के लिए तीन राजयोग का बनना कन्या राशि के जातकों को लाभप्रद साबित हो सकता है। इस दौरान आपको काम- कारोबार में तरक्की मिल सकती है। वहीं इस दौरान व्यापारियों को अच्छा धनलाभ हो सकता है। साथ ही कारोबार का विस्तार हो सकता है। वहीं इस समय नौकरीपेशा लोगों को जूनियर और सीनियर का सहयोग प्राप्त होगा। वहीं नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति हो सकती है।

**कुंभ राशि :** तीन राजयोग का बनना कुंभ राशि के जातकों को लाभकारी साबित हो सकता है। इस दौरान आपके आत्मविश्वास में वृद्धि देखने को मिलेगी। साथ ही आपको मान- सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति हो सकती है। साथ ही इस समय शादीशुदा लोगों का वैवाहिक जीवन शानदार रहेगा।

### विटामिन, खनिज और प्रोटीन जैसे कई पोषक तत्व मौजूद

# अपनी डाइट में शामिल करें खाने योग्य पत्तियां स्वास्थ्य के लिए हैं बेहद फायदेमंद

आम तौर पर हम खान-पान में पालक, पुदीने और केल जैसी पत्तेदार सब्जियां शामिल करते हैं। हालांकि, कई अन्य पौधों में भी खाने योग्य पत्तियां उगती हैं, जो स्वास्थ्य लाभों से समृद्ध होती हैं। इन पत्तियों में विटामिन, खनिज और प्रोटीन जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इनमें से कुछ पत्तियों को कच्चा खाया जा सकता है, तो कुछ को पकाने की जरूरत पड़ती है। डाइट में ये खाने योग्य पत्तियां शामिल करके आपको कई स्वास्थ्य लाभ मिलेंगे।



### शहतूत की पत्तियां

शहतूत के पेड़ पर उगने वाली बेरी स्वाद में लाजवाब होती ही हैं, लेकिन इसकी पत्तियां भी बेहद स्वस्थ होती हैं। इन पत्तियों का स्वाद हल्का तीखा होता है और यह विटामिन-सी और आयरन से भरपूर होती हैं। आप शहतूत की पतियों को आपने आहार का हिस्सा बनाकर कोलेस्ट्रॉल और ब्लड शुगर को कम कर सकते हैं।

### पान के पत्ते

पान के पत्ते भारतीय खान-पान में विशेष स्थान रखते हैं, क्योंकि इन्हें व्यंजनों के साथ-साथ पूजा-पाठ में भी इस्तेमाल किया जाता है। आप इन पत्तों के सेवन से पाचन स्वास्थ्य को दुरुस्त कर सकते हैं, ब्लड शुगर को नियंत्रित कर सकते हैं और दांतों को मजबूत बना सकते हैं। साथ ही पान के पत्ते त्वचा की देखभाल के लिए भी फायदेमंद होते हैं और वजन प्रबंधन में मदद करते हैं।

### सरसों के पत्ते

सरसों के बीजों के साथ ही इस पौधे की पत्तियां भी पौष्टिक और खाने योग्य होती हैं। ये पत्तियां किसी भी व्यंजन में कड़वा और मसालेदार स्वाद जोड़ देती हैं। इन पत्तियों में विटामिन ए, सी, के पोटैशियम, कैल्शियम और एंटीऑक्सिडेंट मौजूद होते हैं। इनके सेवन से आप हृदय रोग से सुरक्षित रहेंगे और आपकी किडनी व फेफड़े भी स्वस्थ रहेंगे। आप इन पत्तियों से सलाद, सब्जी और सूप आदि बना सकते हैं।

### अजवाइन की पत्तियां

अजवाइन के पौधे में छोटी-छोटी पत्तियां उगती हैं, जिन्हें खान-पान में इस्तेमाल किया जाता है। इनमें एंटीसेप्टिक गुण मौजूद होते हैं, जिन्हें खाने से खांसी, जुखाम और अस्थमा जैसी समस्याएं दूर होती हैं। अजवाइन की पत्तियों से पेट संबंधी समस्याओं का उपचार होता है और वजन घटाने में मदद मिलती है। साथ ही, इनके सेवन से आप जोड़ों के दर्द और पीरियड्स के दर्द को भी मिटा सकती हैं। इन पत्तियों से आप पकौड़ियां, अचार और मसाले बना सकते हैं।

### मोरिंगा की पत्तियां

आपने मोरिंगा, मोरिंगा के पानी व जूस के लाभों के बारे में तो सुना होगा। हालांकि, इस पेड़ की पत्तियां भी कई पोषक तत्वों से लैस होती हैं। इन पत्तियों में कई रोगाणुरोधी गुण होते हैं और ये विटामिन-सी से भरपूर होती हैं। इनके सेवन से पुरानी बीमारियां ठीक होती हैं, ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत होती है। आप मोरिंगा या सहजन की पत्तियों से पराठे, हर्बल चाय या सलाद आदि बना सकते हैं।

## फिटकरी से न सिर्फ त्वचा, बल्कि बालों और सेहत को भी मिल सकते हैं अनेक लाभ

फिटकरी एक क्रिस्टलीय पदार्थ होता है, जिसका स्वाद कसैला और खट्टा होता है। यह कई लाभकारी यौगिकों से भरपूर होता है। इसलिए इसका सौंदर्य और त्वचा की देखभाल के उत्पादों के लिए सदियों से किया जाता आ रहा है। हालांकि, इसके लाभ महज त्वचा तक सीमित नहीं है,बल्कि बालों और शरीर पर भी इसके सीमित इस्तेमाल का अच्छा प्रभाव पड़ सकता है। आइए जानते हैं कि फिटकरी क्या-क्या लाभ प्रदान करने में सक्षम है।

**रूसी का कर सकती है प्राकृतिक इलाज :** आजकल बाजार में रूसी यानी डैंड्रफ को दूर करने के लिए कई उत्पाद मौजूद हैं, लेकिन अधिकतर आर्टिफिशियल तत्वों से युक्त होते हैं, जो बालों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। ऐसे में उन उत्पादों पर पैसा बर्बाद करने की बजाय फिटकरी का इस्तेमाल करें क्योंकि इसके एंटी-फंगल गुण स्कैल्प को साफ करने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए शैंपू करने के बाद फिटकरी के घोल से सिर की थोड़ी मालिश करें, फिर पानी से सिर को धोएं।



### घाव को जल्द भरने में है प्रभावी

अगर कभी चोट लग जाए या उंगली या हाथ आदि पर थोड़ा कट लग जाए तो इनके घाव भरने के लिए भी फिटकरी का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसका कारण है कि फिटकरी में अस्ट्रिन्जन्ट और हेमोस्टेटिक गुण होते है, जो घाव, कटने और मुंह के छालों को जल्द भरने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए गुनगुने पानी में थोड़ी फिटकरी मिलाएं, फिर इससे प्रभावित हिस्से को दिन में 2-3 बार साफ करें।

**कील-मुंहासों का बन सकता है असरदार उपाय :** फिटकरी के एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-सेप्टिक गुण इसे कील-मुंहासों के खिलाफ एक शक्तिशाली घरेलू नुस्खे के तौर पर इस्तेमाल करने के लायक बनाता है। यह मुंहासों पैदा करने वाले बैक्टीरिया को मारने में मदद कर सकता है और सूजन को कम कर सकता है। लाभ के लिए पानी में थोड़ी फिटकरी मिलाकर इसे रूई से प्रभावित हिस्से पर लगाएं, फिर 20 मिनट के बाद त्वचा को ठंडे पानी से धो लें।

### बदलते मौसम की समस्याओं से रखती है सुरक्षित

बदलते मौसम के दौरान सर्दी-खांसी या फिर वायरल बुखार होना सामान्य बात है, लेकिन ये समस्याएं असहज महसूस कराने लगती हैं। ऐसे में इनका इलाज फिटकरी कर सकती है क्योंकि इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं। फिटकरी के इस्तेमाल से मौसमी एलर्जी से भी राहत पाई जा सकती है। लाभ के लिए एक चुटकरी फिटकरी और थोड़ी मिश्री को एकसाथ पीसकर चूर्ण बनाएं, फिर रोजाना सोने से पहले एक कप गर्म दूध के साथ आधा चम्मच इस चूर्ण का सेवन करें।

## घर के गमले में भी ऊग जाती है इलायची पोषण का है खज़ाना, इस तरीके से लगाएं

इलायची का सेवन सेहत के लिए बेहद लाभकारी होता है। माउथ फ्रेशनर के तौर पर भी इलायची खायी जाती है। लगभग सभी घरों में इलायची मार्केट से खरीदी जाती है, लेकिन आप चाहें तो इसे घर पर भी उगा सकते हैं। इससे आपकी जेब का भार भी कम हो जाएगा। गार्डनिंग का शौक रखने वाले लोग आसानी से इलायची प्लांटेशन कर सकते हैं। घर पर अपनी ही उगाई हुई ताज़ी इलायची का स्वाद लेना कितना अच्छा होगा! यह न केवल आपके किचन को महकाएगी बल्कि आपके व्यंजनों का स्वाद भी बढ़ाएगी। आइए जानते हैं कैसे आप गमले में इलायची का पौधा लगा सकते हैं।



### इलायची उगाने का तरीका

सामग्री- इलायची के बीज, गमला, अच्छी गुणवत्ता वाली मिट्टी खाद, पानी का छिड़काव करने वाला यंत्र

### इलयाची उगाने के चरण

बीजों को तैयार करें: इलायची के फल को तोड़कर बीज निकाल लें। बीजों को पानी में एक दिन के लिए भिगो दें। इससे बीजों का अंकुरण जल्दी होगा। गमले को तैयार कर बोएं बीज : एक बड़े गमले का चुनाव करें। गमले में अच्छी गुणवत्ता वाली मिट्टी और खाद को मिलाकर भर दें। मिट्टी को हल्का गीला रखें। बीज बोएं: मिट्टी में छोटे-छोटे गड्ढे बनाएं और प्रत्येक गड्ढे में एक-एक बीज रखें। बीजों को मिट्टी से ढक दें।

### देखभाल के लिए महत्वपूर्ण टिप्स

गमले को धूप वाली जगह पर रखें। मिट्टी को हमेशा नम रखें, लेकिन पानी भरा न होने दें। नियमित रूप से खाद डालते रहें। पौधे को कीटों से बचाने के लिए जैविक कीटनाशक का उपयोग कर सकते हैं। इलायची का पौधा धीरे-धीरे बढ़ता है। फल लगने में कुछ साल लग सकते हैं। पौधे को ठंड से बचाएं। नियमित रूप से पौधे की निगरानी करते रहें।

### सुझाव

आप नर्सरी से इलायची का तैयार पौधा भी खरीद सकते हैं। इलायची के पौधे को बांस या लकड़ी के सहारे से बांध सकते हैं ताकि वह सीधा खड़ा रहे।



## पढ़ाई के साथ बच्चों को जरूर सिखाएं अच्छी बातें, कॅरियर में आएंगी बड़े काम

माता-पिता बनना जीवन का सबसे खूबसूरत अहसास तो है, लेकिन इसके साथ ही एक महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी में से एक है। बच्चे का सही पालन-पोषण न सिर्फ उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि उसकी पर्सनालिटी और जीवन को भी बेहतर बनाता है। बच्चा जैसे-जैसे बड़ा होता है वो अपने माता-पिता और घर के लोगों को देखकर बातें और जीने का सलीका सीखता है।

हर माता-पिता अपने बच्चे का भविष्य उज्जवल बनाने के लिए बहुत से प्रयास करते हैं। एक से एक स्कूल और ट्यूशन में पढ़ाते हैं। इसी के साथ ही पेरेंट्स को चाहिए कि वो अपने बच्चों को सही दिशा में दिखाएं। शिक्षा और अच्छी आदतें की अहमियत उन्हें समझाएं और उनका पालन पोषण करें। जो हर माता-पिता करते हैं लेकिन बेहतर भविष्य के लिए पेरेंट्स बच्चे की पढ़ाई का खास ख्याल रखते हैं, लेकिन इसी के साथ ही आपको बच्चों को कुछ ऐसी आदतें और बातें सिखानी चाहिए, जो भविष्य में बच्चे के काम आएं।

**सही और गलत के बीच अंतर :** बच्चा जैसे-जैसे बड़ा होता है वो समझदार होने लगता है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने बच्चों को सही और गलत के बीच अंतर बताएं। बच्चों के सामने झूठ बोलने से बचें। अगर आप बच्चों के सामने झूठ बोलेंगे तो बच्चे आपसे सीखकर आप ही से या फिर किसी और से झूठ बोलेंगे। इसलिए उनके सामने झूठ न बोलें और न ही गलत भाषा का उपयोग करें। अगर बच्चा कुछ गलत बोलता है तो उसे समझाएं।

**सोशल इंटरैक्शन :** बच्चों को दूसरे लोगों से बात करनी आनी चाहिए ताकि भविष्य में उनके कम्यूनिकेशन स्किल्स बेहतर हों और किसी से बात करने या अपनी बात दूसरों को समझने में वो हिचकिचाएं नहीं। इसके साथ ही उन्हें कॉम्पिटिशन में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करें। उन पर जीत का दबाव ना डालें, बल्कि इससे बच्चे का कॉन्फिडेंस लेवल बढ़ेगा साथ ही उन्हें नया सीखने और दूसरे के साथ बातचीत करने का मौका मिलेगा।

**पॉजिटिव सोच :** बच्चों को पॉजिटिव सोच विकसित करने के लिए उनके सामने पॉजिटिव विचार रखें और उन्हें किसी चीज को लेकर डराएं नहीं बल्कि डटकर सामना करने और इसे समस्या का समाधान निकालने पर जोर दें। बच्चों को हर बात को पॉजिटिव तरीके से समझाएं। खासकर एग्जाम के समय पर जब बच्चे स्ट्रेस महसूस करते हैं तो उन्हें पॉजिटिव रहकर सही से पढ़ाई करना सिखाएं।



### अच्छी आदतें और अनुशासन की दें शिक्षा

बचपन से ही बच्चे का सोने-उठने, खाना खाने, पढ़ाई और खेलना का एक समय निर्धारित करें। इससे उनमें अनुशासन आएगा। इसी के साथ ही उन्हें हाइडिन और दूसरे लोगों का सम्मान करना सिखाना चाहिए। जैसा कि बच्चे माता-पिता को देखकर ही सीखते हैं तो आप बच्चे से सामने इन आदतों को अपनाएं। बाहर का खाने की जगह उन्हें घर का हेल्दी खाना खिलाएं। साथ में एक्सरसाइज या योग करने की आदत बचपन से डालना आगे चलकर फायदेमंद साबित हो सकता है।

कार्नर न्यूज

### सुनने की क्षमता भी हो सकती है प्रभावित

# उत्सवों में तेज आवाज वाले स्पीकरों से होता है कानों को नुकसान, जानिए सुरक्षा के तरीके

*इन दिनों देशभर में त्योहारों की लहर आ चुकी है, जिस बीच सभी तरफ ढोल-ताशे, डीजे, साउंड बॉक्स बज रहे हैं। हालांकि, बड़े स्पीकरों पर तेज आवाज में बजते संगीत से आपके कानों को नुकसान हो सकता है। लंबे समय तक बहुत तेज आवाज के संपर्क में रहने से सुनने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है। ऐसे में उत्सवों के दौरान आपको सावधानियां बरतने की जरूरत पड़ सकती है। त्योहारों में इन टिप्स को अपनाकर अपने कानों की सुरक्षा करें।*



### स्पीकर से दूर खड़े हों

तेज गाने बजते समय स्पीकर या ढोल के बेहद करीब खड़े होना कानों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है। ऐसे में आपको स्पीकर से दूरी बनाकर ही खड़े होना चाहिए। स्पीकर या ध्वनि स्रोतों से कम से कम 10 फीट दूर रहकर खड़े हों। ऐसा करने से आपको ध्वनि कम तीव्रता से सुनाई देगी और कानों को कोई हानि नहीं पहुंचेगी।

### डॉक्टर से करें परामर्श

अगर त्योहारों के शोर के बीच आपको कानों में दर्द महसूस हो रहा है या आपके कानों में लगातार सीटी बज रही है, तो ये कानों का स्वास्थ्य बिगड़ने के संकेत हो सकते हैं। ऐसे में आपको तुरंत डॉक्टर के पास जाकर उन्हें अपनी तकलीफ बतानी चाहिए। आप किसी अच्छे ऑडियोलॉजिस्ट या कानों के डॉक्टर से परामर्श कर सकते हैं। वे आपको सही उपचार और दवा देने में सक्षम होंगे, जिससे आपकी परेशानी दूर हो जाएगी।



### इयरप्लग का करें इस्तेमाल

आप त्योहारों के दौरान नाचने-गाने का आनंद लेने के लिए कानों में इयरप्लग लगा सकते हैं। यह फोम से बने हुए छोटे बड होते हैं, जिन्हें कानों में इयरफोन की तरह लगाया जाता है। इसके जरिए तेज आवाज काफी हद तक फिल्टर हो जाती है और आपके कानों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है। इसके साथ ही इनके इस्तेमाल से शोर काफी हद तक कम हो जाता है और आपके कान स्वस्थ बने रहते हैं।

### कम रखें स्पीकर की आवाज

उत्सवों के दौरान अक्सर लोग जोश में आकर स्पीकर की आवाज बहुत तेज कर देते हैं। हालांकि, अपने कानों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आपको स्पीकर की आवाज कम ही रखनी चाहिए। अगर आपको त्योहार पर बजते गानों के बीच अपने आस-पास खड़े लोगों की आवाज तक नहीं सुनाई दे रही है, तो यह संकेत है कि आपको तुरंत स्पीकर की आवाज कम कर लेनी चाहिए।

### बीच-बीच में बंद करें संगीत

लंबे समय तक तेज आवाज के संपर्क में रहने से कान में सीटी बजती है और दर्द हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप त्योहारों के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर पर स्पीकर को बंद कर दें या ध्वनि स्त्रोत से दूर चले जाएं। आप इसके लिए 60:60 तकनीक को भी अपना सकते हैं, जिसमें केवल 60 मिनट तक 60 प्रतिशत आवाज पर गाने सुनना शामिल है। अपने मोबाइल फोन से गाने बजाते समय ध्वनि विनियमन सेटिंग को भी खोलें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एमी अवॉर्ड्स शो के लिए वीर दास खुद लिखेंगे अपने संवाद



**लॉस एंजिल्स।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर भारतीय कॉमेडियन और अभिनेता वीर दास इस बार 52वें अतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड्स की मेजबानी करने वाले हैं। वह इस साल 25 नवंबर को न्यूयॉर्क में एमी अवॉर्ड्स को होस्ट करते नजर आएंगे। अभिनेता इसे लेकर अपनी तैयारियों की चर्चा करते हुए कहा, मैं अब खुद पर दबाव डालना शुरू कर रहा हूं, मैं इसे खुद लिखने वाला हूं। चुटकुले कई तरह की चीजों से भरे होंगे। यह अमेरिकी चुनावों के कुछ सप्ताह बाद होगा, तब तक दुनिया में बहुत कुछ हो चुका होगा। उन्होंने आगे कहा कि दर्शकों में कई नामांकित व्यक्ति और कंटेंट निर्माता होंगे, जिनके बारे में मैं वो बात करना चाहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वह इस मौके को बहुत अच्छे से भुनाना चाहते हैं। वीर दास के लिए ये महीना काफी शानदार घटा है। इस महीने उनकी वेब सीरीज रिलीज कॉल मी बे हुई, जिसमें अनन्या पांडे भी नजर आई थीं। इस सीरीज में वह टीआरपी के भूखे न्यूज एंकर की भूमिका में नजर आए हैं। अपने इस किरदार को लेकर उन्होंने कहा, जब आप धर्मा के शो के बारे में सोचते हैं, तो आप सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचते। मैं अपने किरदार को किसी पत्रकार का यूट्यूब वर्जन नहीं बनाना चाहता था। इसलिए, कॉलिन और मैंने उसे कैमरे के सामने एक बदमाश की तरह बनाया, जबकि कैमरे के बाहर उसे एक बेवकूफ की तरह दिखाया।

### टॉलीवुड

## अदिति और सिद्धार्थ की उम्र में कितना अंतर ऐसे शुरू हुई थी दोनों सितारों की प्रेम कहानी



**मुंबई।** अभिनेत्री अदिति राव हैदरी और साउथ अभिनेता सिद्धार्थ एक दूसरे के साथ शादी के पवित्र बंधन में बंध चुके हैं। दोनों साल 2021 से एक-दूसरे के साथ रिलेशनशिप में थे। सिद्धार्थ और अदिति ने इसी साल मार्च में सगाई की थी। अब उन्होंने शादी की घोषणा करते हुए अपने प्रशंसकों को चौंका दिया है। दोनों सितारों ने 400 साल पुराने तेलंगाना के श्री रंगनायकस्वामी मंदिर में गुपचुप शादी कर ली है। नवविवाहित जोड़े ने अपने इंस्टाग्राम पर शादी की पहली तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, तुम मेरे सूरज हो, मेरे चंदा और मेरे सभी सितारे हो, हमेशा पिक्सी सोलमेट बने रहो, हंसी के लिए, कभी बड़े न होने के लिए, शाश्वत प्रेम, प्रकाश और जादू के लिए।' उनकी इस घोषणा से प्रशंसक काफी खुश हैं और उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ पहली बार साल 2021 में तेलुगु फिल्म महा समुद्रम की शूटिंग के दौरान मिले थे। उनके डेटिंग की खबरें साल 2023 में तब आनी शुरू हुईं, जब उन्होंने एक वायरल रील में तमिल फिल्म एनिमी के गाने 'तुम तुम' पर डांस किया। अदिति का जन्म 28 अक्टूबर 1986 को आंध्र प्रदेश के हैदराबाद में हुआ। वर्तमान समय में उनकी उम्र 37 वर्ष है। वहीं, सिद्धार्थ का जन्म 17 अप्रैल 1979 को चेन्नई में हुआ, जो कि 44 वर्ष के हैं। दोनों की उम्र के बीच सात साल का फासला है। इससे पहले अभिनेत्री अदिति राव हैदरी की शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। चार साल साथ रहने के बाद दोनों की राहें जुदा हो गई। सत्यदीप ने भी मसाबा गुप्ता से शादी कर ली है। वहीं, दूसरी ओर सिद्धार्थ की भी यह दूसरी शादी है। इससे पहले उनकी शादी मेघना नरायण से हुई थी। दोनों ने साल 2007 में एक-दूसर से तलाक ले लिया था।

### भोजपुरी

## सइयां सिपाही देवरा किसान गाने की यूट्यूब पर माही और करिश्मा की धूम



**नई दिल्ली।** भोजपुरी की मशहूर सिंगर करिश्मा कक्कड़ और जानी-मानी एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव का नया गाना रिलीज सइयां सिपाही देवरा किसान रिलीज हो गया है। माही श्रीवास्तव अपनी फिल्म जया की वजह से कुछ समय से सुर्खियों में हैं और इस फिल्म से उनको जबरदस्त लोकप्रियता भी हासिल हुई है। माही श्रीवास्तव की आने वाली फिल्म 'लॉटरी' है। बेशक लॉटरी को रिलीज होने में अभी थोड़ा समय है, लेकिन हमेशा की तरह माही श्रीवास्तव ने एक बार फिर अपने एक्सप्रेशंस से फैन्स का दिल जीतने में कामयाबी हासिल की है। करिश्मा कक्कड़ का गाया और माही श्रीवास्तव की शानदार अदाकारी वाला भोजपुरी लोकगीत 'सइयां सिपाही देवरा किसान' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। भोजपुरी सॉन्ग 'सइयां सिपाही देवरा किसान' जय जवान जय किसान का नारा बुलंद कर रहा है। इसके वीडियो में दर्शाया गया है कि एक बहु अपने ससुराल में पूरे परिवार की तारीफ करती हुई दिख रही है। वह अपने सौभाग्य को लेकर काफी खुश है। उसे मायके के जैसा फील आ रहा है। उसका पति फौजी जवान देश की सेवा में रत है और देवर किसान है, जो खेतों में अन्न उपजाकर देश के लोगों पेट भरता है।

## प्रिंटेड ड्रेसेस बेस्ट चॉइस

### लाइफ स्टाइल



किसी भी पार्टी के लिए सही कपड़े चुन पाना कभी-कभी मुश्किल हो जाता है। खासकर तब जब आप चाहते हैं कि आप सबसे अलग नजर आए। फ्लोरल प्रिंट कभी भी आउट ऑफ फैशन नहीं होता, फ्लोरल प्रिंटेड ड्रेसेस में एक खास बात होती है कि वे हर मौसम में और हर अवसर पर अच्छी लगती है। आप चाहें तो फ्लोई फ्लोरल मैक्सी ड्रेस का चुनाव कर सकती हैं, जो न केवल आरामदायक होती है, बल्कि आपको एक एलीगेंट और स्टाइलिश लुक भी देती है। अगर आप पार्टी में बोल्ड और कॉन्फिडेंट लुक चाहती हैं, तो एनिमल प्रिंटेड ड्रेस आपकी पहली पसंद होनी चाहिए। एनिमल प्रिंट, खासकर चीता या ज़ेबरा प्रिंट, फैशन की दुनिया में एक स्टेटमेंट पीस माना जाता है। यह आपको न केवल ग्लैमरस बनाता है, बल्कि आपकी पर्सनैलिटी को भी उभारता है। इस ड्रेस को आप ब्लैक हील्स और गोल्डन ज्वेलरी के साथ ट्राइ कर सकती हैं।

## बालों की कई समस्याओं का प्राकृतिक इलाज कर सकता है कपूर, जानिए इस्तेमाल के तरीके

आमतौर पर कपूर का इस्तेमाल पूजा के कामकाज में होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह एक औषधि की तरह बालों की समस्याओं का प्राकृतिक इलाज करने में काफी सहयोग प्रदान कर सकता है। इसका कारण है कि इसमें ऐसे यौगिक होते हैं, जो बालों को मजबूती देने और स्कैल्प को स्वस्थ रख सकते हैं। आइए जानते हैं कि बालों पर किन-किन तरीकों से कपूर का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**कपूर के तेल में गुड़हल के फूल का पेस्ट मिलाकर लगाएं :** अगर आपके बाल रूखे हो गए हैं तो कपूर के तेल और गुड़हल के फूलों का मिश्रण उन्हें नमी युक्त बनाए रखने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए गर्म तिल के तेल में 6-8 गुड़हल के फूल डालें और जब तेल का रंग बदल जाए तो पैन को ढककर अलग रख दें। थोड़ी देर बाद इसमें कपूर के तेल की कुछ बूंदें मिलाएं। अब इस मिश्रण को बालों में लगाने के 30-45 मिनट बाद शैंपू से धो लें।



**दही और कपूर का मिश्रण है प्रभावी :** बालों को जड़ से मजबूत बनाने के लिए कपूर और दही के मिश्रण का इस्तेमाल करें। इसके लिए सबसे पहले दही में कपूर का पाउडर मिलाएं। अब इस मिश्रण को बालों की जड़ों में अच्छे से लगा लें। इसके बाद करीब 30 मिनट के बाद हल्के गुनगुने पानी और शैंपू से बालों को धो लें।

### कपूर के साथ जैतून के तेल का मिश्रण भी है फायदेमंद

अगर आपके सिर में बहुत खुजली या संक्रमण है तो कपूर और जैतून के तेल का मिश्रण आपकी समस्या को दूर कर सकता है। लाभ के लिए एक कटोरे में जैतून का तेल डालें, फिर उसमें थोड़ा-सा कपूर का पाउडर मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने सिर पर लगाकर धीरे-धीरे अपने स्कैल्प पर मसाज करें। इसके करीब 30 मिनट के बाद शैंपू से बालों को धो लें।

### कपूर और नीम भी है मददगार

एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर नीम डैंड्रफ से राहत दिलाने में मदद कर सकता है, जबकि कपूर स्कैल्प से गंदगी को दूर कर सकता है। लाभ के लिए सबसे पहले कुछ नीम की पत्तियों को मिक्सी में पीस लें, फिर इसमें पिसा हुआ कपूर मिलाएं। अब इस मिश्रण को स्कैल्प पर अच्छे से लगाएं और इसे करीब 40 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें।

## त्यौहारों में स्टाइल करें प्रिंटेड सिल्क साड़ी, खूबसूरती में लगेगा चार चांद

### फैशन



इन दिनों त्योहारों का सिलसिला जारी है और एक के बाद एक त्याहोर आ रहे हैं। ऐसे खास मौके पर अक्सर महिलाएं साड़ी पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में अगर आप कुछ स्टाइलिश डिजाइन की साड़ी सर्च कर रही है, तो आज हम आपको प्रिंटेड सिल्क साड़ी के कुछ लेटेस्ट डिजाइन बताने जा रहे हैं, जिसे आप ओणम पर वियर कर सकती हैं। चाहें तो आप गणपति विसर्जन में भी वियर कर सकती हैं। हालांकि, इस तरह की साड़ी ओणम में काफी अच्छी लगेगी। साथ ही इसमें आपको एक परफेक्ट लुक भी मिलेगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की प्रिंटेड साड़ी को आप ट्राई कर सकती है।

**सिंपल प्रिंटेड सिल्क साड़ी:** ओणम में पहनने के लिए आप सिंपल प्रिंटेड सिल्क साड़ी कैरी कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी आपको सिंपल और सोबर लुक देगी। फेस्टवल पर पहनने के लिए ये साड़ी काफी बेस्ट है। क्योंकि त्योहारों में घर में बहुत काम होता है।। इसलिए महिलाएं सिंपल साड़ी ही वियर करना पसंद करती है।

**कलरफुल प्रिंटेड कॉटन सिल्क साड़ी :** अगर आप कॉटन सिल्क फैब्रिक साड़ी को पहनना चाहती हैं, तो आप इस तरह की कलरफुल प्रिंटेड साड़ी को खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। यह साड़ी पहनने के बाद काफी खूबसूरत लगेगी। साथ ही एक अक्ट्रिव लुक भी देगा। इस लुक को पूरा करने के लिए बालों में गजरा स्टाइल कर सकते हैं।



**प्रिंटेड सॉफ्ट सिल्क साड़ी :** ओणम पर आप कुछ अलग ट्राई करने के बारे में सोच रही हैं, तो आप प्रिंटेड सॉफ्ट सिल्क साड़ी वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी पहनने के बाद एलिगेंट लुक देती है। इस लुक को कंप्लीट करने के लिए आप मिनिमल मेकअप और बन हेयर स्टाइल के साथ गजरा स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा गणेश विसर्जन में ये साड़ी ट्राई कर सकती हैं।

## हिरोइन जैसा दिखने महंगे कपड़ों या मेकअप की जरूरत नहीं

कई महिलाएं सोचती रह जाती हैं कि, वे बॉलीवुड की हीरोइनों जैसी आकर्षक नजर आएं, लेकिन ऐसा कर नहीं पाती, क्योंकि उन्हें फैशन सेंस की ज्यादा समझ नहीं होती। अब आप सोच रही होंगी कि, एक्ट्रेस जैसा दिखने के लिए तो महंगे कपड़ों या फिर महंगे मेकअप की जरूरत होती है। लेकिन ऐसा बिलकुल नहीं है, क्योंकि सही फैशन टिप्स और स्टाइलिंग के लिए आपको बस इतना करना होगा...

**फिटिंग का रखें ध्यान :** फिटिंग सही होने पर कोई भी आउटफिट शानदार लग सकता है। हीरोइनों के आउटफिट्स हमेशा फिटेड और उनके बॉडी टाइप के हिसाब से होते हैं। इससे उनके लुक को एक स्टाइलिश और परफेक्ट अपील मिलती है। चाहे आप जींस और टॉप पहन रहीं हो या ट्रेडिशनल लहंगा, सही फिटिंग सबसे ज्यादा मायने रखती है। अगर आपके कपड़े ज्यादा ढीले होंगे, तो वे आपके लुक को बिगाड़ सकते हैं। इसलिए सबसे पहले अपने बॉडी टाइप को पहचानें, इसके बाद ही कपड़ों को चुनें...



### लेयरिंग से स्टाइलिश लुक

किसी भी साधारण आउटफिट को स्टाइलिश और ग्लैमरस बनाने का लेयरिंग एक शानदार तरीका है। हीरोइने अक्सर अपने लुक्स में लेयरिंग का इस्तेमाल करती हैं, चाहे वह जैकेट हो, श्रग हो या स्कार्फ, गर्मियों में हल्के श्रग का इस्तेमाल करें। सर्दियों में स्टाइलिश जैकेट या ब्लेज़र कैरी करें। एक साधारण टॉप या ड्रेस पर स्कार्फ या स्टोल डालें, इससे आपका लुक फाइनल टच में और भी खूबसूरत दिखेगा।

**एक्सेसरीज़ का इस्तेमाल :** हीरोइनें अपने लुक को पूरा करने के लिए एक्सेसरीज़ का बखूबी इस्तेमाल करती हैं। सही एक्सेसरीज़ आपके साधारण से आउटफिट को बेहद खास बना सकती हैं। चाहे वह ईयररिंग्स हों, नेकपीस, ब्रेसलेट, बैग, या सनग्लासेज़, ट्रेडिशनल लुक के लिए ऑक्सीडाइज़्ड ज्वेलरी या बड़े स्टेटमेंट नेकलेस का चुनाव करें।

## हर सीजन और हर ड्रेस पर 3 इयररिंग डिजाइन जो कभी आउट ऑफ ट्रेंड नहीं होते

आप ट्रेडिशनल लुक अपनाएं या वेस्टर्न लुक, सही इयररिंग्स आपके आउटफिट को और भी ज्यादा सुंदर बना देता है। हर सीजन में इयररिंग्स के नए-नए ट्रेंड्स आते रहते हैं, जो फैशन लवर्स के बीच काफी पॉपुलर होते हैं। यहां हम आपको 3 ऐसे इयररिंग्स के बारे में बताएंगे, जो न सिर्फ स्टाइलिश हैं, बल्कि हर मौके पर आपको काफी पसंद आएंगे।

**हूप्स इयररिंग्स :** हूप्स इयररिंग्स सदाबहार होते हैं, जो किसी भी फैशन ट्रेंड में फिट हो जाते हैं। ये गोल आकार के होते हैं और साइज में छोटे से बड़े तक आते हैं। हूप्स इयररिंग्स का सबसे बड़ा फायदा यह है कि वे हर तरह के आउटफिट के साथ आसानी से मेल खाते हैं, चाहे आप जींस-टी-शर्ट पहनें या फिर ट्रेडिशनल साड़ी और सूट।

**टैसल इयररिंग्स :** अगर आप अपने



लुक में कुछ मस्ती और रंग भरना चाहती हैं, तो टैसल इयररिंग्स एक बेहतरीन ऑप्शन हैं। टैसल इयररिंग्स लंबे धागों या लेयर्स से बने होते हैं और इन्हें विभिन्न रंगों और डिज़ाइनों में लिया जा सकता है। ये इयररिंग्स आपके पूरे लुक में एक नया अंदाज जोड़ते हैं और खासतौर पर पार्टी या इवेंट्स के लिए परफेक्ट होते हैं।

**स्टड इयररिंग्स :** अगर आप कुछ सिंपल और क्लासी चाहती हैं, तो स्टड इयररिंग्स से बेहतर कोई ऑप्शन नहीं है। स्टड्स छोटे और नाजुक होते हैं, लेकिन उनकी खूबसूरती और क्लासिक लुक कभी पुराना नहीं होता।

### कैसे चुनें सही इयररिंग्स ?

इयररिंग्स चुनते समय आपको कुछ खास बातों का ध्यान रखना चाहिए- आपके चेहरे के आकार के अनुसार इयररिंग्स का चुनाव करना महत्वपूर्ण है। गोल चेहरे के लिए लम्बी इयररिंग्स, जबकि पतले चेहरे के लिए छोटे इयररिंग्स सही लगते हैं। वहीं अवसर के अनुसार इयररिंग्स का चयन करें। पार्टी के लिए टैसल इयररिंग्स, ऑफिस के लिए स्टड्स और डेली वियर के लिए हूप्स एकदम सही होते हैं। इसके अलावा कपड़ों के कलर के देखते हुए इयररिंग लेंगे तो आप और भी ज्यादा खूबसूरत नजर आएंगे।

### कार्नर न्यूज

### मराठी मोलगी जैसा लुक रखेंगी तो न केवल आप सुंदर बल्कि सबसे अलग दिखेंगी

## पर्व चाहे कोई भी हो, अलग दिखने मराठी मुलगी वाले लुक में हों तैयार

देश में त्यौहारों का मौसम प्रारंभ हो गया। 7 सितंबर से हर्षो-उल्लास के साथ गणेश चतुर्थी का त्योहार मनाया जाने लगा और आज अनंत चतुर्दशी पर मूर्तियों का विसर्जन होगा। इसके बाद दुर्गा उत्सव, दशहरा फिर दीपावली और अन्य त्योहार एक के बाद आएंगे। ऐसे में हर त्यौहार में एक सा सजना संवरना महिलाओं को पसंद नहीं होता, हालांकि वे कई तरह से अपना लुक सुंदर बनाती हैं लेकिन अगर आप त्यौहारों में मराठी मोलगी जैसा लुक रखेंगी तो न केवल आप सुंदर बल्कि सबसे अलग दिखेंगी। मराठी लुक में तैयार होने के लिए ये तरीके अपनाएं।



### नौवारी साड़ी पहनें

नौवारी साड़ी मराठी महिलाओं द्वारा पहनी जाने वाली सबसे लोकप्रिय पोशाक है। यह साड़ी 9 मीटर लंबी होती है, जिसके कारण इसका नाम नौवारी रख गया था। आप मराठी मुलगी जैसा लुक पाने के लिए यह साड़ी पहन सकती हैं। इसे पहनने के लिए इसे कमर पर लपेटकर गांठ बांधें। अब एक कोने को पैरों के बीच से धोती की तरह ले जाएं और पीछे की ओर फंसा दें। बाकी कपड़े से प्लीट बनाकर अपने कंधे पर पिन कर दें।

### इस तरह से करें मेकअप

जिस तरह हर देश का मेकअप अलग होता है, वैसे ही हर भारतीय राज्य में भी विशेष तरह का मेकअप किया जाता है। मराठी मेकअप टिप्स में सबसे पहला स्टेप है फाउंडेशन लगाना। अपनी आंखों पर गहरा काला काजल व आईलाइनर लगाएं और साड़ी के रंग का आईशैडो भी लगा लें। अब गालों पर गुलाबी ब्लश लगाएं और गाढ़े रंग की लिपस्टिक का चुनाव करें।

### बालों में लगाएं खुशबूदार गजरा

मराठी स्टाइल में तैयार होने के लिए आपको अपने बालों को बांधकर जूड़ा बनाना चाहिए। अपनी पसंद के अनुसार जूड़ा बांधें और उसपर खुशबूदार मोगरे के फूलों से बना गजरा लगाएं। महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण भारत में महिलायें गजरे को बालों के आभूषण के तौर पर इस्तेमाल करती हैं। आप चाहें तो जूड़े की जगह चोटी बांधकर उसपर भी गजरा लगा सकती हैं।

### मराठी नथ भी लगेगी सुंदर

मराठी महिलाओं की तरह तैयार होने के फैशन टिप्स में सबसे जरूरी स्टेप है मराठी नथ पहनना। महाराष्ट्र में खास मौकों पर महिलायें यह नथ पहनती हैं, जिसके बिना श्रृंगार अधूरा माना जाता है। इसमें रंग-बिरंगे मोती व स्टोन्स लगे होते हैं और यह लटकन वाली नथ होती है। बाजार में कई





### मराठी जेवर पहनकर पूरा करें श्रृंगार

केवल नौवारी साड़ी पहनना ही आपको मराठी मुलगी जैसा महसूस नहीं करा सकता। इसके लिए आपको मराठी महिलाओं जैसे जेवर भी पहनने होंगे। महाराष्ट्र की महिलायें विशेष रूप से सोने के आभूषण पहनती हैं। आप सबसे पहले गले में सोने का चोकर और एक लंबा हार पहनें। इसके बाद कानों में सोने की लटकन वाली झुमकियां पहनें और हाथों में चूड़ियों संग कंगन सजाएं। अंत में अपने लुक में चार-चांद लगाने के लिए उंगलियों में बड़ी-गोल अंगूठियां पहन लें।